विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 61 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 02 दिसम्बर 2024 डाक 03 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव नई दिल्ली में पार्टी की दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान



**देश-विदेश**
कम से कम 3 बच्चे पैदा करना जरूरी, संघ प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान, कहा- वरना समाज बर्बाद हो जाएगा



**फीचर पेज**
कुम्भलगढ़ पर्यटन स्थल: राजस्थान का ऐतिहासिक किला और धरोहर



# छावनी में तब्दील दिल्ली-नोएडा बॉर्डर, लगा लंबा जाम...जगह-जगह बैरिकेडिंग, आरएएफ तैनात

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। आज सोमवार को नोएडा की ओर से किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं। जिसके चलते नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है तो वहीं दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सख्ती बढ़ा दी है। महामाया फ्लाईओवर के पास दोपहर 12 बजे से जुटेंगे। किसानों के दिल्ली कूच से पहले ही दिल्ली-यूपी के चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस, आरएएफ के जवान और दंगा नियंत्रण वाहन तैनात किए गए हैं। दिल्ली नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी बॉर्डर पर सुबह लंबा जाम लग गया। किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया है। जिसके बाद बॉर्डरों पर जगह-जगह सख्ती बढ़ा दी है और साथ ही बैरिकेडिंग भी की है। किसानों की दिल्ली कूच ऐलान के बाद यूपी के चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस और आरएएफ की तैनाती पर डीसीपी पूर्वी दिल्ली अपूर्व गुप्ता ने कहा कि हमें कुछ किसान संगठनों के बारे में पहले से सूचना मिली थी।

जिन्होंने दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। संसद सत्र चलने के कारण उन्हें इस विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई है। आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो और कोई यातायात बाधित न हो। हम नोएडा पुलिस के साथ समन्वय कर रहे हैं। दिल्ली-यूपी की सभी बड़ी और छोटी सीमाओं पर पुलिस बल तैनात है। किसानों के दिल्ली कूच करने के दौरान सड़कों पर लगने वाले जाम से छात्रों को परेशानी न हो। इसके लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के कई स्कूलों ने सोमवार को ऑनलाइन क्लास संचालित करने का निर्णय लिया है। नोएडा के एमिटी,डीपीएस 30, डीपीएस 122, ग्रेटर नोएडा वेस्ट का डीपीएस,स्पर्श ग्लोबल स्कूल सहित कई स्कूल आज ऑनलाइन संचालित हो रहे हैं। छात्रों को जाम में फंसने के दौरान कोई परेशानी न हो इसको देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने स्वत ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्देश नहीं दिया गया है। स्कूलों की ओर से स्वयं ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया गया है। प्रदूषण को देखते हुए पहले ही हाइब्रिड मोड में क्लास चलाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। किसानों के आज से दिल्ली की ओर मार्च शुरू होने की वजह से दिल्ली नोएडा के बीच चिल्ला बॉर्डर पर यातायात जाम देखा गया। सुबह लोग घरों से ऑफिस के लिए निकले हैं। जिसके बाद सख्त पहरे के बीच ट्रैफिक की रफ्तार धीमी है।

## पहली पोस्टिंग के लिए जा रहे आईपीएस अधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**ट्रेनिंग के बाद कार्यभार संभालने जा रहे थे हर्षबर्धन**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक युवा आईपीएस अधिकारी हर्ष बर्धन हासन जिले में अपनी पहली पोस्टिंग लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में आईपीएस अधिकारी की मौत हो गई। 26 वर्षीय हर्ष बर्धन ने हाल ही में अपनी ट्रेनिंग पूरी की थी। बर्धन मध्य प्रदेश के निवासी थे और कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। यह दुर्घटना तब हुई जब पुलिस वाहन का टायर फट गया और चालक ने गाड़ी पर अपना नियंत्रण खो दिया। मिली जानकारी के अनुसार, वाहन सड़क किनारे एक घर और एक पेड़ से टकरा गया। हर्षबर्धन के सिर में गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि जब वर्षों की कड़ी मेहनत रंग ला रही थी, तब ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कन्नड़ में एक्स पर लिखा, हसन-मैसूरु राजमार्ग के किट्टाने सीमा के पास एक भीषण दुर्घटना में प्रोबेशनरी आईपीएस अधिकारी हर्षबर्धन की मौत की खबर सुनकर दुख हुआ। यह बहुत दुखद है कि ऐसी दुर्घटना उस समय हुई जब वह आईपीएस अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने जा रहे थे।

## मोबाइल टॉवर में आगजनी, नक्सली वारदात



**बीजापुर।** जिले के तोयनार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत मोरमेड में नक्सलियों ने एक मोबाइल टॉवर को आग के हवाले कर दिया। देर रात हुई इस घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बीजापुर के एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## पीएम मोदी, अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी जेपी नड्डा के जन्मदिन पर शुभकामनाएं

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का सोमवार को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेपी नड्डा के संगठनात्मक कार्य की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

मैं नड्डा को वर्षों से जानता हूं और पार्टी में उनके उल्लेखनीय योगदान का गवाह हूं। उन्होंने हर संगठनात्मक, विधायी और कार्यकारी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाया है। वे स्वस्थ भारत सुनिश्चित करने के प्रयासों में सबसे आगे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे।

## संसद की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित, विपक्ष का हंगामा बदस्तूर जारी

**नईदिल्ली।** अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा समेत कई विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण अब तक संसद के दोनों सदन ठीक से नहीं चल पाए हैं। आज भी गतिरोध बरकरार रहा। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई है।विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब 12.08 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अदाणी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही चलने देने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि संविधान पर चर्चा हो, जैसा कि सरकार ने खुद वादा किया था।

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलवमेंटल इन्क्लूसिल अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने संविधान पर चर्चा कराने का वादा किया था और अब उसे यह करना चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद में आगे की रणनीति को लेकर चर्चा की।

## साइक्लोन फेंगल का कहर, तमिलनाडु में हुई लैंडस्लाइड, तीन बच्चों सहित 7 लोग मलबे में फंसे



**तिरुवन्नमलाई, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच तिरुवन्नामलाई में मिट्टी धंसने के बाद सात लोग मलबे में फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ कर्मी हाइड्रोलिक लिफ्टों की मदद से बचाव अभियान में जुटे हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के बाद प्रसिद्ध अन्नामलाईयार पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित घरों पर एक बड़ा पत्थर गिर गया। इसमें लगभग 7 लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। जिला कलेक्टर डी भास्कर पांडियन और पुलिस अधीक्षक एम सुधाकर ने रविवार शाम को कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि शहर में भारी बारिश होने के बावजूद अधिकारियों की ओर से बचाव अभियान जारी है। वहीं, अग्निशमन और बचाव सेवाओं के एक अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित झोपड़ियों पर एक बड़ा पत्थर गिर गया है। भारी बारिश के बीच बचाव कार्य जारी है। घरों से 5 से 7 लोगों के फंसे होने की आशंका है। अंधेरा और बारिश के कारण स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के कर्मी भी बचाव अभियान में शामिल होंगे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु और पुडुचेरी के उत्तरी तटीय क्षेत्रों पर चक्रवाती तूफान फेंगल का अवशेष दबाव पिछले छह घंटों के दौरान 7 किमी/घंटा की गति से पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ रहा है और 1 दिसंबर (रविवार) को रात 11.30 बजे केंद्रित हो गया था।

## आतंकियों की अब खैर नहीं! घुसपैठ रोकने के लिए जम्मू में बीएसएफ की दो अतिरिक्त बटालियनों ने संभाला मोर्चा

**जम्मू, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



सर्दियों में भारी बर्फबारी के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ के रास्ते बंद होने के बाद आतंकी अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसने की कोशिशें शुरू कर देते हैं। ऐसे में पाकिस्तान और आतंकी संगठनों के षड्यंत्र को नाकाम करने के लिए जम्मू संभाग में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दो अतिरिक्त बटालियनों ने मोर्चा संभाल लिया है। कठुआ व सांबा जिलों में दो हजार जवानों की तैनाती सीमा के ऐसे हिस्सों में की है, यहां से पाकिस्तान आतंकियों की घुसपैठ की अधिक कोशिशें करवाता है। कठुआ में सीमा के संवेदनशील हिस्सों के साथ पजांब से लगते जम्मू के इलाकों में सुरक्षा ग्रिड को और पुख्ता बनाया गया है। सीमा पर पहले से तैनात प्रहरियों के पीछे दूसरी पंक्ति में उक्त जवानों को रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में तैनात किया गया है। जम्मू के कठुआ जिले से अखनूर तक अंतरराष्ट्रीय सीमा 192 किलोमीटर है।

10 किलोमीटर हिस्सा सेना के पास भी है। सर्दियों में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के पाकिस्तान के षड्यंत्र के देख गृह मंत्रालय ने बीएसएफ की दोनों बटालियनों को हाल ही में ओडिशा से हटा जम्मू में तैनात करने की प्रक्रिया शुरू की थी। यह प्रक्रिया सर्दियों शुरू होने से पहले पूरी की गई। दोनों बटालियनों को ओडिशा के कोरापुट और मल्कानगिरी जिलों से हटा जम्मू भेजने का फैसला जुलाई में हुआ था।

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुए अवध ओझा

**अरविंद केजरीवाल ने दिलाई सदस्यता बोले- देश को बड़ा फायदा होगा**

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज मोटिवेशनल स्पीकर और शिक्षक अवध ओझा को पार्टी में




शामिल कराया। उनके लंबे समय से पार्टी में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे। अवध ओझा मोटिवेशनल स्पीकर हैं और यूपीएससी के अभ्यर्थियों को पढ़ाते हैं। उन्होंने यूट्यूब के माध्यम से छात्रों में एक अलग पहचान बनाई है।पार्टी में शामिल कराने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अवध ओझा का योगदान शिक्षा के क्षेत्र में काफी अतुलनीय है। उनके पार्टी में शामिल से देश का बड़ा फायदा होगा। उनके आने से पार्टी को भी मजबूती मिलेगी।

## कर्नाटक के तुमकुरु में भीषण सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराई बस, तीन महिलाओं की मौत और कई घायल

**तुमकुरू, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



कर्नाटक के तुमकुरु में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तुमकुरु के सिरा तालुक में चिक्कनहल्ली फ्लाईओवर पर एक बस डिवाइडर से टकरा गई, इस वजह से तीन महिलाओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 यात्रियों को लेकर बस बेंगलुरु की ओर जा रही थी जब सुबह करीब साढ़े चार बजे यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।मृतकों की पहचान शेफाली सिंह, उर्वी और प्रियंका के रूप में हुई है। बस सन राइजर ट्रैवल्स की थी, जो गोवा से बेंगलुरु आ रही थी, तभी नेशनल हाईवे-48 पर यह हादसा हुआ। इससे पहले कर्नाटक के हावेरी जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ था। यहां ब्यादगी तालुक में तड़के एक मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने फिर मामले की छानबीन की।

## राज्यपाल रमेन डेका से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सौजन्य भेंट की

**रायपुर 2 दिसम्बर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सौजन्य भेंट की। सीएम ने एक्स पर लिखा, आज राजभवन में माननीय राज्यपाल श्री रमेन डेका जी से सौजन्य मुलाकात हुई। आदरणीय राज्यपाल जी से राज्य हित से जुड़े विविध विषयों पर सारगर्भित चर्चा हुई। आज राजभवन में माननीय राज्यपाल श्री रमेन डेका जी से सौजन्य मुलाकात हुई। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। दोपहर तीन बजे से यह बैठक महानदी भवन यानी मंत्रालय में होगी।


डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर

प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



बी.आर. सेल्स
9009992855, 7049928855, 7987588210
सही सामान, सही दाम

# यात्री सुविधाओं को बेहतर करने सांसद ने रेल राज्य मंत्री से की भेंट



कोरबा। भारत सरकार के केन्द्रीय रेल राज्य व जल शक्ति मंत्री वी सोमन्ना के कोरबा प्रवास पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मुलाकात कर कोरबा में यात्री सुविधाओं के अलावा यात्री ट्रेनों के ठहराव और यात्री ट्रेनों का परिचालन सहित ट्रेनों का विस्तार के अलावा जनहित से संबंधित मामलों पर ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने का आग्रह किया। कोरबा संसदीय क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना से चर्चा करते हुए कहा कि रेलवे राजस्व में कोरबा से बड़ी मात्रा में राशि रेलवे प्रशासन को प्राप्त होती है लेकिन क्षेत्र के रहवासी यात्री सुविधाओं के नाम पर छले जा रहे हैं। सांसद ने सौंपे गए ज्ञापन में कोरबा सहित चाम्पा, सक्ती, नैला, रेलवे स्टेशन में सर्वसुविधायुक्त प्रतिक्षालय का निर्माण एवं एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने हेतु रैम्प का निर्माण करने की मांग की है। कोरबा स्टेशन में दूसरी एंट्री में साइकिल स्टैण्ड व शेड निर्माण सहित कटघोरा, दीपका में रेलवे आरक्षण केन्द्र प्रारंभ करने सहित सर्वसुविधायुक्त महिला प्रतिक्षालय के निर्माण की मांग की है। सांसद ने कोरबा को जोड़ने वाली चाम्पा रेलवे स्टेशन में गीतांजलि एक्सप्रेस और बीकानेरी ट्रेन का ठहराव सहित सक्ती रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस गाडियों का ठहराव मांगा है। सांसद ने जोर देते हुए कहा कि गेवरा रोड स्टेशन से चलने वाली यात्री ट्रेनों को जल्द बहाल करने सहित कोरबा स्टेशन में पिट लाइन को चालू करने व कोरबा से बीकानेर-कोरबा-बीकानेर, खाटू श्याम जी/फतेहपुर शेखावटी रिंगस, जयपुर, कोटा, कटनी एवं बिलासपुर ट्रेन चलाने का आग्रह किया है व कोरबा से नई ट्रेन के रूप में कोरबा-राउरकेला-कोरबा इंटरसिटी एक्सप्रेस व साल भर से कोरबा-गेवरा रोड के बीच यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है। उन ट्रेनों को पूर्व की भांति गेवरा रोड तक चलाने और गेवरा रोड-रायपुर-गेवरा रोड मेमू लोकल को पुन: परिचालन में लाने और अंबिकापुर से दिल्ली चल रही एक दिवसीय साप्ताहिक ट्रेन को तीन दिवस चलाने और रायपुर-अंबिकापुर ट्रेन का स्टापेज बढ़ाने के अलावा नागपुर तक चलाए जाने की मांग की। कोरबा सांसद ने तिरूपति-बिलासपुर-तिरूपति ट्रेन को कोरबा तक विस्तार करने और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को भी गेवरा रोड तक विस्तार करने सहित कोरबा के अलावा आसपास के स्टेशनों के समीप रिक्त पड़े भूमि में दुकान व काम्पलेक्स बनाकर बेरोजगारों को आबंटित करने व कोरबा रेलवे स्टेशन के स्टाफ क्वाटरों का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ कोरबा में रेलवे की ओर से सर्वसुविधायुक्त अस्पताल निर्माण की मांग करते हुए सांसद ने क्षेत्र की यात्री सुविधाओं को लेकर अनेक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निराकरण की मांग की।

सांसद ने दीपका कृष्णानगर की अधिग्रहित भूमि को बस्तीवासियों से चर्चा कर पूर्णत: अधिग्रहित करने को कहा है जिससे भविष्य में दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। सांसद ने विशाखापट्नम से निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस को हरिद्वार उत्तराखंड तक चलाने का ज्ञापन सौंपा है।

# सेवाभारती ने महिलाओं को दिलाया सिलाई प्रशिक्षण



कोरबा । सेवा भारती कोरबा ने इस वर्ष रानी दुर्गावती सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया था। स्वामी विवेकानंद सेवा सदन व बैगीन डभार रामपुर में संचालित किया जा रहा है। जहां अब तक 30 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिन्हें शनिवार को बुधवारी बायपास स्थित स्वामी विवेकानंद सदन में कार्यक्रम आयोजित कर दक्षता प्रमाण पत्र का वितरण कर समानित किया गया। साथ ही संस्था द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। सिलाई प्रशिक्षण में दक्षता प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

कोरबा शहर में रहने वाली व जरूरतमंद महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सेवा भारती अपने प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से इन महिलाओं को कटिंग और टेलरिंग का विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंजू अग्रवाल अंचल प्रमुख अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, एवं विशिष्ट अतिथि निशा अग्रवाल अंगदान प्रमुख अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा की महिलाओं को हुनरमंद बना रही सेवा भारती संस्था। महिलाएं आज के दौर में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। संस्था सिलाई की प्रशिक्षण देकर महिलाओं को हुनरमंद बना रही है। इसकी जितनी भी तारिफ की जाए कम है। सेवा भारती के सचिव सुनील जैन ने प्रशिक्षित महिलाओं से भी अपील की कि वे अपने घरों आस पड़ोस की रहने वाली युवतियों व महिलाओं को भी प्रशिक्षित करें, ताकि वह भी आत्मनिर्भर बन सकें। सिलाई प्रशिक्षण में संयोजिका रीता श्रीवास्तव व पद्मिनी साहू का विशेष योगदान रहा जिनके प्रयास से 30 प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण पूर्ण हो सका। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष गोविंद माधव उपाध्याय एवं आभार व्यक्त रूबी मुखर्जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रेखा सिंह, निक्की उपाध्याय, गीता सिंह, कमल बत्रा, संगीता तिवारी एवं संस्था के सदस्यों व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मितानिनों के कार्यों को सराहते हुए शॉल और श्रीफल देकर किया सम्मानित



कोरबा । कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 32 कोसाबाड़ी के पार्षद अजय गोड़ व वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद पालूराम साहू द्वारा डिंगापुर सामुदायिक भवन में मितानिनों का सम्मान करने एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरेंद्र देवांगन ने मितानिन बहनों का शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ से सम्मान किया। देवांगन ने मितानिनों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। इस मौके पर पार्षद गोड़ व पालूराम साहू ने भी ने मितानिनों के सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मंजू, सुमन सोनी, रमामिरी, ललेश दुबे, रामकुमार राठौर, नीलांबर कंवर, मानसाय साहू, ओमप्रकाश दुबे, भजन सिंह कंवर, बलदेव दीवान, मिलन, दीपक सिंह, भूपेंद, सहोदरा, फूलमती, राजमोहनी, भगत, मालती सारथी, सावित्री, विनिता, संतोषी लदेर, सरोज साहू आदि उपस्थित थे।

# सियान सदन में मनाया गया संविधान दिवस

कोरबा । रानी रोड स्थित सियान सदन में संविधान दिवस की 75 वी वर्ष गांठ मजदूर किसान नेता मूरित राम साहू के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। इस अवसर पर श्री साहू नेअपने संबोधन मे संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और इसके प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के सभी संविधानों से बेजोड़ है और यह हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। वार्ड के पार्षद और कांग्रेस नेता धरम निर्मले ने संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और इसके प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश के नागरिकों को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे इस अवसर पर सुरेश रोहरा पत्रकार ने कहा हमारे देश का संविधान दुनिया को रोशनी दिखाता है यह कार्यक्रम संविधान दिवस के महत्व को उजागर करने और लोगों को संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान, सनंद दास दीवान ने संविधान के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि यह हमारे देश के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने लोगों से संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और इसके प्रति निष्ठा रखने का आह्वान किया।

चित्रा टाकीज के पास स्थित सियान सदन में आयोजित इस कार्यक्रम में विमल थवाईत, बोधसिंह ठाकुर, एहसान खान, टिकेश्वर सिंह ठाकुर बजरंग सोनी, प्रदीप गुप्ता, मनोज पाहुजा, रामायण दास, रघु दीवान, राम मूर्ति दुबे, बजरंग सिंग, खगेश्वर सिंह,यासीन मजीद खान, अब्दुल गनी आदि उपस्थित रहे। संचालन सनंद दास दीवान ने किया और आभार प्रकट बोधसिंह ठाकुर ने किया।

## विस्थापित आंदोलन को मिला समर्थन

कोरबा । कोरबा महिला सभा के छत्तीसगढ़ राज्य सह सचिव का. विजयलक्ष्मी चौहान ने कहा कि इस आंदोलन को लगभग छियालीस दिन हो गया, इस से यह साबित होता है कि मडवा ताप विद्युत प्रबंधन एवं शासन प्रशासन महिला विरोधी, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी है। मैं महिला सभा की तरफ से इस आंदोलन को सक्रिय समर्थन देती हूं। महिला सभा कोरबा जिला सचिव का. हेमा चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा हैं कि नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास की बजाय आवाज उठाने वाले के प्रति अमानवीय रूख अपनाया जा रहा है जिसे नारी शक्ति, महिला सभा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और प्रबंधन एवं शासन प्रशासन से यह कहना चाहती हूं कि जल्द से जल्द भू-स्थापित की मांग पूरी करें।

कोरबा अखिल भारतीय किसान सभा के का. राम मूर्ति दुबे ने मड़वा में भू-विस्थापितों के चल रहे आंदोलन को समर्थन देने पहुंचकर पुरजोर समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले के हम सभी साथी आपके इस आंदोलन के साथ खड़े हैं। यहां के मड़वा ताप विद्युत प्रबंधन व शासन-प्रशासन को जल्द से जल्द बैठक आहूत कर आपकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इसे पूर्ण किया जाना चाहिए अन्यथा की स्थिति में आने वाले दिनों में इस आंदोलन का विस्तार किया जाएगा।

## एक पखवाड़ा से ज्यादा समय बीतने पर भी मिलर्स के साथ अनुबंध नहीं ,बढ़ रही चिंता

कोरबा । धान खरीदी केंद्रों में धान की बोरियां धीरे-धीरे बढ़ रही है। दिसंबर के पहले हफ्ते से किसान बड़ी संख्या में धान की बोरियां लेकर पहुंचेंगे। इस स्थिति में धान का उठाव जरूरी होगा मगर अभी तक जिला प्रशासन की ओर से किसी भी मिलर्स के साथ अनुबंध नहीं हुआ है। इसे लेकर प्रशासन परेशान है।

चर्चा है कि विभाग की ओर से जल्द ही उरगा क्षेत्र में एक संग्रहण केंद्र बनाया जाएगा। यहां सोसाइटियों से धान की बोरियों को लाकर रखा जाएगा और यही से मिलर्स अनुबंध होने के बाद धान दिया जाएगा। जिले के 65 धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 67 हजार 199.60 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। इधर समय के साथ खरीदी केंद्रों पर धान लेकर पहुंचने वाले किसानों की संख्या में वृद्धि हो रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। इससे किसानों खुश हैं। हालांकि अभी प्रति क्विंटल धान बेचने पर किसानों को 2300 रुपए मिल रहा है। शेष राशि का भुगतान प्रदेश सरकार अलग से करेगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार : बैठक में रणनीति बनाई समाज ने , कल नेताजी चौक पर होगा धरना



कोरबा। बांग्लादेश में रह रहे हिन्दूओं का लगातार उत्पीड़न होने से भारत और विश्व के अन्य क्षेत्रों में रह रहे हिंदू अत्यंत आक्रोशित हैं। हिन्दू संतों को गिरफ्तार करने , उनके पूजा स्थल, मंदिर आदि पर कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं। 3 दिसंबर को कोरबा के नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा पर सर्व हिंदू समाज इस विषय को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा।

कोरबा के सरस्वती विद्यालय वीआईपी रोड में सर्व हिंदू समाज के द्वारा रविवार को दोपहर बैठक रखी गई जिसमें बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के विषय पर संवाद किया और चिंता जताई। पिछले काफी समय से बांग्लादेश की राजधानी सहित कई क्षेत्रों में अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर अत्याचार की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है। विभिन्न क्षेत्र में काम कर रहे सामाजिक प्रतिनिधियों ने बैठक में बांग्लादेश के घटनाक्रम और वहां के अल्पसंख्यक समाज से मिल रही सूचनाओं को बेहद चिंताजनक बताया। उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है। कहां गया कि विगत कुछ समय से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार में हिन्दुओं के घरों को काफी नुकसान पहुंचाया है । उनके परिजनों पर हमले बढ़े है। उनके पूजा स्थलों को अपवित्र किया जा रहा है। इन घटनाक्रमों से भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में रह रहे हिन्दूओं में आक्रोश व्याप्त है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैठक में अपने विचार रखते हुए तथाकथित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से संबंधित लोगों को निशाने पर लिया और कहां की इस पूरे मामले में वे धृतराष्ट्र बने हुए हैं । उनका मौन ऐसे संगठनों की भूमिका को सन्देहास्पद सिद्ध करता है। हिंदू समाज ने निर्णय लिया कि इस मामले को लेकर कोरबा में 3 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा काफी संख्या में सामाजिक धार्मिक व्यावसायिक और राजनीतिक संगठन से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे और अपनी बात छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति तक भेजेंगे। हिंदू समाज मांग करेगा कि बांग्लादेश में जो अल्पसंख्यक हिंदू समाज की स्थिति है, उसे लेकर आवश्यक हस्तक्षेप किया जाए। उनके नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए भी जरूरी कोशिश करने के लिए हस्ताक्षर अभियान जैसे और भी उपाय किए जाने पर सहमति बनी है। कोरबा में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक सत्येंद्र नाथ दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, कैलाश नाहक, रामविलास पाल, बलराम विश्वकर्मा, वीरेंद्र गिरी, दीपक मुखर्जी, कृष्ना सोनी, उमेश सोनी, हितानंद अग्रवाल, सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## नागरिक जन सेवा समिति, ने रेल राज्य मंत्री को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन



कोरबा। नागरिक जन सेवा समिति के अध्यक्ष मो. नियाज नूर आरबी केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री सोमन्ना के ऊर्जा नगरी प्रवास के दौरान मुलाकात की और उन्हें जिले में व्याप्त रेल समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपाा। जिसपर मंत्री ने रेलवे बोर्ड के साथ जल्द ही समिति की बैठक करवा कर समस्याओं के निराकरण करवाने का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन में बताया गया कि भारत देश के सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले में से एक बिलासपुर मंडल जिसमें कोरबा जिले से सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति भारत सरकार को प्राप्त होती है। लेकिन कोरबा का हमेशा दोहन ही किया गया है। सबका साथ सबका विकास का अभिप्राय स्वरूप कोरबा के रेलवे स्टेशन को भी हाईटेक करोड़ों रुपए खर्च कर किया जा रहा है, लेकिन यात्री ट्रेनों के संचालन की संख्या बहुत कम है। सीधी ट्रेनों की कमी के कारण यात्रियों को दूसरे जिलों चांपा, बिलासपुर में जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इससे यात्रियों को कई कठिनाइयों, असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें विशेष रूप से निम्नलिखित समस्याओं का निराकरण करने की नितांत आवश्यकता है-

कोरबा रेलवे स्टेशन में लगा हुआ राष्ट्रीय ध्वज प्रदूषण के कारण मैला या दूषित होता रहता है जिसकी गरिमा और सम्मान बनाए रखना हमारा कर्तव्य है इसलिए राष्ट्रीय ध्वज की साफ - सफाई पर विशेष गंभीरता दिखाई जाए। कोरबा से अमृतसर को जाने वाली यात्री गाड़ी 18237 जो कि कोरबा रेलवे स्टेशन से चलती है मगर अमृतसर से आते समय इस यात्री गाड़ी को बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक ही चलाया जाता है इसलिए इस यात्री गाड़ी को पूर्व की तरह अमृतसर से कोरबा तक चलाया जाए।सभी यात्री गाड़ियों को पूर्व की तरह कोरबा की जान मान शान गेवरा रेलवे स्टेशन से चलाया जाए।सिवनी से सारागांव बाईपास लाईन जिसमें केवल मालगाड़ी को ही चलाया जा रहा है। इसका जनहित में सदुपयोग कर इस लाईन में यात्री गाड़ी चलाकर रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, टाटानगर से होकर कलकत्ता के लिए यात्री गाड़ी की सुविधा दी जाए।

बिलासपुर में कई घंटों तक स्टॉपेज में रुक कर चलने वाले यात्री गाड़ी जैसे- 18234, 18236, 18247, 20843 कटनी, रीवा, इंदौर, भोपाल, जयपुर, अजमेर के लिए जाने वाली यात्री गाड़ियों को कोरबा से सुचारू रूप से निरंतर चलाया जाए जिससे कि मिनी भारत कोरबा समेत बीच में पड़ने वाले अकलतरा, नैला, चांपा, जैसे स्टेशन से आवागमन करने वाले आमजन को भी सुविधा मिल सके। इसके साथ ही रेलवे का राजस्व बढ़ने में निश्चित ही सफलता मिलेगी।संजय नगर सुनालिया रेलवे फाटक जो कि नियम विरुद्ध तरीके से आधे घंटे तक बंद रखा जाता है जिसके चलते कोरबा की जनता को प्रतिदिन आवागमन में समस्या होती है इस समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए।कोरबा रेलवे स्टेशन सेकेंड एंट्री गेट में गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था दी जाए।कोरबा से चलने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस यात्री गाड़ियों के रेल डिब्बे में नियमत: खाने - पीने की सामाग्रियों की रेट लिस्ट लगाई जाए। कोरबा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-02 में नियमित पानी, रोशनी की व्यवस्था की जाए।कोरबा से चलने वाली सभी यात्री गाड़ियों को समयबद्ध तरीके से चलाया जाए।इन सभी जो दशकों से पुरानी समस्याएं निहित हैं इन सबका आपके आगमन से निराकरण होने की पूरी उम्मीद व आशा है। इन सब समस्याओं के निराकरण करने हेतु आप सकारात्मक सहयोग करते हेतु जल्द ही निराकरण कर समाधान करने की कृपा करें।

## हाथियों ने उत्पात मचाते हुए ले ली 5 मवेशियों जान

कोरबा । कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान रेंज के जंगलों में मौजूद हाथियों में से कुछ हाथियों ने उत्पात मचाते हुए पांच मवेशियों को मार डाला। बताया जा रहा हैं की हाथियों ने उत्पात मचाते हुए फसलों को भी तहस-नहस किया वहीं एक घर को भी क्षतिग्रस्त किया है। मवेशियों को बांधने वाले कोठार को तोड़ते हुए हाथियों ने पांच मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया है। बताया जा रहा हैं की ग्राम सिर्री के बहरापारा निवासी गोविन्द सिंह के दुधारू पशु को हाथियों ने मार दिया है, जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ है। हाथियों के इस आतंक से अन्य ग्रामवासी भी अपने जान-माल और मवेशियों के जान को लेकर चिंता व दहशत में हैं।

## सर्व समाज कल्याण संगठन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। आदर्श सर्व समाज कल्याण संगठन ने आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सांसद ज्योत्सना महंत को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में बाल्को टाउनशिप में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आवेदन दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक उपयुक्त स्थल मिल सके। इसके अलावा, रामपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-20 में संगम नगर बेला कछार के पास पुल निर्माण की मांग भी की गई है। इस पुल के निर्माण से आम जनता और स्कूली बच्चों को आने-जाने में सुविधा होगी और बरसात के दिनों में भी आवागमन सुचारु रूप से चलता रहेगा।

इस अवसर पर आदर्श सर्व समाज कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

## काव्य गोष्ठी आयोजित कर कवियों ने साहित्यकार भागवत कश्यप को दी श्रद्धांजलि

कोरबा । कोरबा जिले में संचालित पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भवन समिति के संरक्षक युनूस दानियालपुरी ने की। मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के बाद अनुसुइया श्रीवास ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

काव्य समिति के संरक्षक एम.आर. राव, वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश यादव, साहित्य भवन समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, साहित्य भवन समिति के सचिव वरिष्ठ गीतकार डॉ. के.के. चंद्रा, समिति के अध्यक्ष इकबाल अंजान, कविता जैन, अनुसुइया श्रीवास सहित अन्य मंच पर उपस्थित रहे। सभी ने वरिष्ठ साहित्यकार भागवत कश्यप के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गीतकार डॉ. चंद्रा ने थर्ड जेंडर पर सुमधुर गीत, युनूस दानियालपुरी, जगदीश श्रीवास, कविता जैन, एम.आर. राव ने गजल, जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया ने जाड़ा पर गीत, इकबाल अंजान ने भूली बिसरी यादें मेरी, ओज कवि डिकेश्वर साहू ने देशभक्ति पर ओजस्वी कविता पेश की। जिसे सभी ने सराहा। इसी तरह हीरामणी वैष्णव ने प्रेम पर हास्य कविता सहित अन्य ने भी गजल व कविता की प्रस्तुति दी। अंत में आभार समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने जताया।



## एचटीपीपी के कई अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

कोरबा । कोरबा जिले में एचटीपीपी संयंत्र कोरबा-पश्चिम के ईई संदीप कुमार धवन सहित अन्य वरिष्ठ पर्यवेक्षक दादूराम लाठिया व दफ्तरी जीवंती बाई सेवाकाल पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। इनके सम्मान में कोरबा-पश्चिम के जूनियर क्लब स्थित श्रम कल्याण केंद्र में विदाई समारोह आयोजित की गई।

संयंत्र के कारखाना प्रबंधक पी.के. स्वेन, सुधीर कुमार पंड्या, राजेश कुमार पांडेय, संजय कुमार तिवारी, सेवानिवृत्त के.सी. अग्रवाल ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र व कलाई घड़ी भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर ने किया और रिटायर्ड अधिकारी-कर्मियों का संक्षिप्त जीवन परिचय पढ़ा।

## प्रदूषण का बढ़ता ग्राफ चिंतनीय

कोरबा। शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश सिंह ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को 2 दिसंबर के दिन इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि 2-3 दिसंबर 1984 को भोपाल गैस त्रासदी हुई थी और इसमें जान गंवाने वाले लोगों की याद में ये दिन मनाया जाता है। भोपाल में हुई ये गैस त्रासदी इतिहास की सबसे घातक औद्योगिक प्रदूषण आपदाओं में से एक है। एक आंकड़े के मुताबिक, वायु प्रदूषण के कारण अकेले भारत में प्रति वर्ष लगभग 70 लाख लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। वहीं, रिपोर्ट बताती है कि 10 में 9 लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ हवा नहीं मिल पाती है।

## झूलेलाल मंदिर में 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव शुरू

कोरबा । सिंधु समाज में चालिहा महोत्सव का विशेष महत्व होता है। सुख, समृद्धि व संतान सुख के लिए की जाने वाली इस पूजा का विधान 2 दिसंबर से शुरू हो गया हैं। जो आगामी 10 जनवरी तक चलेगा। इस पूजा में सिक्के व छुआरे की सेवा की जाएगी। साथ ही झूलेलाल मंदिर के संत 40 दिनों तक मौन साधना करेंगे। इस दौरान पूरे दिन सत्संग होगा जिसमें भक्तों द्वारा नियमों का पालन किया जाएगा। इस पूजा का यह विधान है कि जो भी भक्त इस विधान को करेंगे वे पहले दिन जो वस्त्र धारण करेंगे वही अगले 40 दिनों तक पूजा के समय पहनेंगे। इतना ही नहीं, पूजकों को जमीन पर सोना होगा, सिर पर तेल साबुन का उपयोग नहीं कर सकेंगे। सप्तमी तिथि को एक दिन पहले बना ठंडा खाना जाएंगे। सिक्के व छुआरे की पूजा करने वाले लोग प्याज, लहसुन, लाल मिर्च, हल्दी व गरम मसाला का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को बहराणा साहब की पूजा सुबह 11 बजे ज्योत प्रज्ज्वलित करने के साथ शुरू हो जाएगी। शाम 4 बजे झूलेलाल मंदिर से हसदेव नदी ठाकुर घाट तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शाम 4 बजे शुरू होगी। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

# कृष्णा हास्पिटल में शिविर लगाकर बांटे सामान

**चांपा।** मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी स्पंदन शाखा के तत्वावधान में श्री महावीर विकलांग समिति के सहयोग से कृष्णा हॉस्पिटल में तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत थे। उन्होंने कहा क मैं सन 1980 से पहली बार विधायक बना था, तब से यहां के मारवाड़ी समाज से जुड़कर सेवा भावी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में पहुंचे विधायक व्यास कश्यप और विधायक बालेश्वर साहू को अपने विधायक निधि का उपयोग समाज सेवा में करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा क शिविर से दिव्यांगों को काफी लाभ मिलेगा। शिविर में लाभ लेने के लिए पूरे प्रदेश से 270 लोगों ने अपना पंजीयन कराया है जिन्हें कृत्रिम हाथ पैर कैलीपर बैसाखी एवं कान की मशीन का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। वहीं, शहर के बाहर से आए हुए लोगों के लिए मंच के द्वारा भोजन की भी व्यस्था की गई है। शक्ति विधायक बालेश्वर साहू, हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर राधे श्याम सोनी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मायुमं के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, युवा मंच प्रदेश महामंत्री राज अग्रवाल और नगर अध्यक्ष शलभ केडिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित मोदी ने की। बता दें कि शिविर का बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने लाभ उठाया।





## सुधार कार्य में रूचि नहीं लेने के दुष्परिणाम उजागर

**चांपा।** नगर में इन दिनो शहर के अंदर की सड़क बेहद बदहाल हो चुकी है, जिसे बनाने पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है। हालांकि कुछ सड़कों को डामर चढ़ाया है। वह भी एक दो महीने के बाद उखड़ने लगा है और सबसे प्रमुख मार्ग थाना चौक से लेकर कदम चौक तक ऐसा गुणवत्ताविहीन निर्माण होने से लोगों में आक्रोश है। नगर के थाना चौक से लेकर कदम चौक तक का सड़क काफी बदहाल है, मगर इस सड़क को बनाने में पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है। जबकि यह सड़क शहर की महत्वपूर्ण सड़क है। सड़क के बदहाल होने का एकमात्र कारण है कि वहां गर्मी के दिनों में पानी की कुछ समस्या थी, जिसके लिए ठेकेदार ने सड़क को गड्ढा कर पाइप लाइन को टेस्ट या नलों को सुधारने के लिए ठेकेदार ने सड़क बनाना मुनासिब नहीं समझा, जिस जगह से सड़क में केवल सीमेंट का एक परत चढ़ाई गई है, जो कि कुछ ही दिनों में उखड़ गई है। उसके बाद उस ठेकेदार के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने दर्शकों पर चलाया जादू

**चांपा।** मनका पब्लिक स्कूल, चांपा के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने अपनी मधुर आवाज से प्रस्तुति दी। अद्भुत संगीतमय प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अनंत जायसवाल, आर्यन करियारे, आर्य मेहर, मयूरी प्रज्ञा साहू, अवेंजर प्रणय और गगन सोनी की टीम ने अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम और ए वतन तेरे लिए जैसे दो विपरीत भावनाओं वाले गीत पेश किए। संगीत प्रशिक्षक चेतन भट के मार्गदर्शन में टीम के परफॉर्मेंस ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति अच्युतम केशवम की प्रस्तुति ने श्रोताओं को आध्यात्मिकता की गहराई में ले। वहीं, ए वतन तेरे लिए ने देशप्रेम की भावना जगाई।

सभी कलाकारों की सामूहिक ऊर्जा, सटीक सुर-ताल और भावनात्मक अभिव्यक्ति ने इस प्रदर्शन को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रतिभाओं और उनकी मेहनत का अद्भुत उदाहरण था। इसने खूब तालियां बटोंरी। संगीत के बारे में अनंत जायसवाल व उनकी टीम ने बताया कि हम लोगों को संगीत काफी पसंद है। संगीत में वह ताकत होती है, जो शब्दों से परे जाकर लोगों को जोड़ती है। संगीत ही एकमात्र साधन है, जो मानव मन को तनाव रहित करता है। संगीत जीवन का प्राण है। संगीत से सुकून व शांति मिलती है।



## गौ सेवा आयोग में जगह नहीं मिलने पर यादव समाज को परेशानी

**मालखरौदा।** मालखरौदा छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष दिवाकर यादव के नेतृत्व में सक्ती जिला भर से सभी तहसील पदाधिकारी, केंद्र पदाधिकारी व गांव के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में बैठक 27 व 28 नवंबर को नंदौर खुर्द व तहसील मालखरौदा के पोता में होगी। इसमें छग प्रदेश के भाजपा सरकार द्वारा 25 नवंबर को गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष यादव समाज के व्यक्ति को ना बनाकर किसी दूसरे समाज से जुड़े व्यक्ति को इस पद का दायित्व सौंपा है, जिन्हें सक्ती जिला के सभी यादव समाज के सदस्यों ने निंदा व्यक्त की।

समाज के लोगों ने कहा कि यादव समाज द्वारा अपने संगठन को लेकर कई बार जन जागरण अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ सरकार को अपनी संगठन व एकजुट का एहसास करवाया जा चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार ने यादवों का अपमान किया है, जबकि छत्तीसगढ़ में 40 लाख से अधिक यादवों की जनसंख्या होते हुए भी यादव समाज का अवहेलना कर अन्य दूसरे समाज के व्यक्ति को गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बना दिया,जिसके कारण सभी यादवों को भारी नुकसान पहुंचा है, जो निश्चित रूप से आने वाले समय पर यादव समाज इसका अपना ताकत दिखाएगी। इस बैठक में निंदा प्रस्ताव कर विरोध किया। इस बैठक में सक्ती भर से 500 से अधिक सदस्यों ने समर्थन दिया।

## भोपाल में टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी रवाना

**जांजगीर।** एक साथ हमारे जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वे 4 से 6 दिसंबर तक भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में शामिल होंगे। यह खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम में जिले से धनंजय यादव (कप्तान), मुकेश लहरे, बजरंग पटेल, राकेश कश्यप, अमित बारेठ का चयन हुआ है।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी की ओर से 4 से 6 दिसंबर तक ओल्ड चैंपियन ग्राउंड में दिव्यांग व्हीलचेयर राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट खेल का आयोजन किया गया है। इ समें देश भर के 100 से अधिक खिलाड़ी अलग-अलग राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम भी इस नेशनल टूर्नामेंट में भाग ले रही है । छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिले से खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें जिले के 5 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।



धनंजय दो बार शतक लगाकर दिखा चुके हैं अपनी प्रतिभा नवागढ़ ब्लाक के धनंजय दो बार शतक बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2017-18 में दिव्यांग व्हील चेयर टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। कोरोना काल में इस पर रोक लगी है। पर संक्रमण कंट्रोल होने के बाद इसका फिर आयोजन होने लगा है। 2021 में पहली बार टीम का चयन हुआ। धनंजय को नेतृत्व क्षमता को देखते हुए प्रदेश की टीम का कैप्टन चुना गया।

## दहकोनी जंगल में जुआड़ी पकड़े गए

**बलौदा।** बलौदा क्षेत्र स्थित दहकोनी के जंगल में जुआ खेलने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बलौदा पुलिस और सायबर सेल जांजगीर के सदस्यों ने आरोपियों के कब्जे से 12,130 रुपए नकद, 52 पत्ती तास, तीन बाइक और पांच बाइक जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना बलौदा क्षेत्र के दहकोनी के जंगल में कुछ जुआरी रुपए और पैसे का दांव लगाकर तास पत्ती से हार जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की और आरोपियों को पकड़ लिया।

## किसान पहुंचे धान लेकर केन्द्र में

**सक्ती।** उपार्जन केंद्र सक्ती में जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव और मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के आतिथ्य में धान खरीदी की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अनूप अग्रवाल ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने वादा को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी कर रही है। खरीदी केंद्र में किसानों को कोई परेशानी न हो और किसानों को धान बिक्री के बाद समय पर भुगतान हो, इसकी व्यवस्था बनाई गई है। किसान अपने ऑनलाइन टोकन मोबाइल से प्राप्त कर सकते हैं। सरपंच कृष्ण कुमार पटेल ने कहा कि खरीदी केंद्र में किसानों के लिए छाया, पानी और धान की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रबंधक धनीराम साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर मीनाक्षी यादव, चारों ग्राम पंचायत सरपंच एवं सोसायटी के कर्मचारी, किसान मौजूद रहे।

## लोक निर्माण विभाग के सक्ति डिविजन में प्रियंका को बनाया ईई

**सक्ती।** जिला बनने के बाद धीरे-धीरे जिला स्तर के सरकारी दफ्तर शुरू होने लगे हैं। इसी श्रृंखला में लोक निर्माण विभाग ने कार्यपालन अभियंता की पहली नियुक्ति की है। इसमें वर्तमान में बिलासपुर लोक निर्माण विभाग की एसडीओ प्रियंका मेहता को यह जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्ति आदेश 30 नवंबर को जारी किया है।

इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की नई नियुक्ति व पदस्थापना भी की है। लोक निर्माण विभाग का कार्यपालन अभियंता कार्यालय चालू होने से जहां विभागीय कार्यों में गति आएगी। वहीं, वर्तमान में लोक निर्माण विभाग सक्ती के कार्यों की अनुशंसा के लिए चाम्पा जाना पड़ता था, किंतु अब सक्ती में ये सारी सुविधाएं लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों को भी प्राप्त होगी। जिला गठन के बाद लोक निर्माण विभाग के वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार द्विवेदी की सक्रियता, सजगता से जहां इस नए जिले को निर्माण कार्यों के मामले में गति मिली।



## आगजनी में राख हुए बारदाने

**जांजगीर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बनारी धान खरीदी केन्द्र में बारदाने में शनिवार की देर रात अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इस आगजनी में खरीदी केन्द्र में बड़ी संख्या में रखे बारदाने पूरी तरह से जल गए। बारदाना के अलावा अन्य सामान भी आग से जल गए। लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।जानकारी होने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई है। फिर आग पर काबू पाया गया।

## जागरुकता रैली निकालकर नशे के गलत प्रभाव की दी गई जानकारी

**मालखरौदा।** मालखरौदा निकट के एमवाईडी हायर सेकेंडरी विद्यालय छपोरा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान चला कर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। इसमें थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश कुमार पटेल ने स्कूली छात्र-छात्राओं को नशा करने से विभिन्न प्रकार के होने वाले बीमारी-परेशानियां के बारे में जानकारी दी। साथ ही नशा नहीं करने की सलाह भी दी। छात्र-छात्राएं व स्टाफ द्वारा जागरूक रैली भी निकाली गई और लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि नशा पान जैसे शराब, गुटका तंबाकू की सेवन से शरीर को कितना नुकसानदायक साबित होता है।

साथ ही परिवार के लोगों द्वारा ऐसे लोगों से किस प्रकार घृणा महसूस किया जाता है। लोगों ने रैली में समर्थन देकर नशापान न करने की शपथ भी ली। इस प्रकार स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा चलाए गए अभियान को लेकर क्षेत्र के लोगों ने सराहा की। साथ ही विद्यालय के संचालक पुरुषोत्तम साहू द्वारा इस नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने वाले थाना प्रभारी राजेश कुमार पटेल को सम्मानित भी किया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि व पालकों ने भाग लिया।



## कई प्रकार की फसलों को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं बंदर

**करही बाजार।** करही बाजार सहित क्षेत्र गांव में सब्जी किसान बंदरों से परेशान है। करही क्षेत्र पटेल बाहुल्य होने के साथ पटेल सहित छोटे-बड़े सब्जी किसान अपनी सब्जी बाड़ी में विभिन्न प्रकार की सब्जी का उत्पादन करते हैं। तथा उत्पादन पश्चात सब्जी को प्रतिदिन लगने वाले क्षेत्र के बाजारों सहित शहरों तक पहुंचाया जाता है। जिसमें सबसे बड़ी चुनौती बंदरों की हो गई है। बंदरों को भगाने के लिए तरह-तरह के उपाय किए जाते हैं कई बार बंदर किसानों पर भी हमला कर देते हैं। बंदर समूह में गांव के अंदर आ जाते हैं, जिन घरों में टिन शेड लगे हैं उन घरों में बार-बार उछल-कूद कर नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों का कहना है कि बंदर पानी की तलाश में गांव के अंदर आते हैं और पानी के साथ कुछ ही सब्जी को खाते हैं।



## महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए नई योजना

**जांजगीर।** प्रदेश में वित्त मंत्री ओपी चौधरी और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने महतारी शक्ति ऋण योजना का शुभारंभ किया गया। योजना का भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को समर्पित है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन व सशक्तीकरण के लिए प्रेरित करना है। योजना के तहत 25 हजार तक का ऋणर्ा दया जाएगा।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं Harmeet Singh Paneser age 45 Years S/o Swaroop Singh Paneser Address :-241, Saket Nagar, Lalu Ram Colony Dist. Korba CG का/की होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता/करती हूँ कि मेरा सही नाम Harmeet Singh Paneser है तथा मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज है। मेरा पुत्र Arshveer Singh Paneser वर्तमान में डी.पी.एस. एन.टी.पी.सी में कक्षा 8ए में अध्ययनरत है तथा मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम Arshveer Singh Panesar S/o Harmit Singh Panesar Mother Komal Panesar दर्ज हैं। मेरा सही नाम Harmeet Singh Paneser है तथा मेरे पुत्र की माता अर्थात मेरी पत्नी का सही नाम Komal Kaur Paneser है तथा मेरे पुत्र का सही नाम Arshveer Singh Paneser है।

Harmit Singh Panesar एवं Harmeet Singh Paneser एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि स्वयं मेरा नाम है Komal Panesar एवं Komal Kaur Paneser एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि स्वयं मेरी पत्नी का नाम है तथा Arshveer Singh Panesar and Arshveer Singh Paneser एक ही व्यक्ति क नाम है जो कि स्वयं मेरे पुत्र का नाम है किसी प्रकार का विवाद मेरे, मेरी पत्नी एवं मेरे पुत्र के नाम के संबंध में नहीं है। मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र, मेरा, मेरी पत्नी का नाम सुधारकर हमारा सही नाम Arshveer Singh Paneser S/o Harmeet Singh Paneser Mother Komal Kaur paneser दर्ज किया जाए जिसके लिए जो भी नियम एवं शर्तें होगी उसका पालन हमारे द्वारा किया जाएगा। तथा उक्त नाम सुधारे जाने में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है विवाद कि स्थिति में संपूर्ण जवाबदारी हमारी होगी। यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे की संबंधित विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
Harmeet Singh Paneser

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

202411050400018
रा.प्र.क्र.-अ-21/2024-25
ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदकगण हरीश परसाई पिता स्व. बी.एल.परसाई एवं श्रीमता शोभना परसाई पति श्री हरीश परसाई दोनों जाति ब्राम्हण निवासी ए-96 नेहरू नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 194/3 रकबा 0.06 ए./2616 वर्गफीट को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती ज्योति जैन पति चन्द्रेश जैन जाति जैन निवासी आर.पी.नगर एमआईजी-17 फेस-1 कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. (रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 16.12.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कोरबा


## गांवों में सफाई के लिए चलाई मुहिम

**बरमकेला।** गोद ग्राम महिमा पुरम अलेख आश्रम जीरानाला में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल लेंध्रा के एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर लगाया। 7 दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः कालीन प्रभात फेरी जन जागरुकता रैली के साथ प्रयोजना कार्य में यूरिनल और कूड़ेदान बनाया गया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी सरोज कुमार साहू द्वारा डिजिटल साक्षरता विषय पर स्वयं सेवकों से बौद्धिक परिचर्चा की गई। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का ने स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति स्वच्छता एवं विविध जागरुकता कार्य के लिए प्रेरित करते हुए प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने घर, परिवार, मोहल्ला, गांव से हिस्सा लेकर अभियान को शुरू कर जीवन में सतत रचनात्मक कार्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना दुनिया की अनोखी पाठशाला है जहां चरित्र का निर्माण होता है । उन्होंने कहा एनएसएस लीडरशिप का गुण विकसित करता है।

## तमिलनाडु में तांडव मचाने वाले फेंगल के असर से संभाग में मौसम ने अंगड़ाई ली, अब ठंडक तेज होने की संभावना



**बिलासपुर।** बिलासपुर में आसमान में दिनभर बादल छाए हुए हैं। दिन में ठंड रही और वातावरण में नमी का अहसास हुआ। बदली की वजह से न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस से चढ़कर 17.6 डिग्री पर पहुंच गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने संभाग में अगले 48 घंटे के भीतर हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

सोमवार को सुबह से आसमान में बदली छाई रही। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। ठंडी हवाओं के चलते मौसम में नमी का अहसास हुआ और दिन में ठंड बढ़ गई।

वहीं, जिले के पर्यटन स्थल पर पर्यटकों की भीड़ भी नजर आई। प्रमुख रूप से रतनपुर, खूंटाघाट, कोटा, अमरकंटक, लोरमी, तालागांव, कानन पेंडारी, मदकूद्वीप और मल्हार में लोगों की भीड़ रही। इधर, शाम ढलते ही ठंड का असर कम होने लगा और दूसरे दिनों की अपेक्षा तापमान में बढ़ोतरी भी हुई।

**फेंगल का असर, हल्की बारिश की संभावना**

मौसम वेधशाला के मौसम वैज्ञानिक डा.एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेंगल का लैंडफॉल हो चुका है। बंगाल की खाड़ी से वातावरण के निम्न स्तर पर प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है।

इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए हैं। बिलासपुर समेत प्रदेश में दो दिसंबर को मध्य छत्तीसगढ़ में हल्की से हल्की वर्षा हो सकती है।

**बादल छंटने के बाद बढ़ेगी ठंड**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फिलहाल, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उत्तर छत्तीसगढ में तीन दिसंबर से बादल खुलने की संभावना है, जिसके बाद मौसम में उतार-चढ़ाव का असर देखने को मिलेगा।मौसम साफ होने पर ठंड बढ़ सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार चार दिसंबर को मौसम साफ होने की संभावना है। इसी के साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट और अधिकतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ होगी। पांच दिसंबर से एक बार फिर ठंड अपना असर दिखाएगी।

## डीजल टैंकर में अचानक उठने लगी आग की लपटें

**रायगढ़।** सड़क किनारे खड़े डीजल से भरे टैंकर में आग लग गई। और देखते ही देखते आग की लपटे उठने लगी। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और कंपनी के सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंचे। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक डीजल से भरा टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार सलिहाभांठा रोड स्थित जेपीएल कंपनी के गेट नंबर 2 के सामने डीजल टैंकर खड़ा था। तभी अचानक आग लग गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों व गाड़ियों को हटाया गया ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है। लोगों के अनुसार टैंकर में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट है।



## अनमोल वचन......

**किस्मत के पन्ने वही पलटता है, जो दिन रात मेहनत करता है!**

# अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

*अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है।*

*जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं।*

*खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं।*

*भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं- यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था। उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की।*

*ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था।*

*यह भी चर्चा है कि श्रीलंका की नई सरकार वहां अडानी समूह को मिली परियोजना की समग्र जांच कराने पर विचार कर रही है।*

*ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अडानी की परियोजनाओं पर भी हाल मे विवाद बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के जीतते ही गौतम अडानी ने वहां दस बिलियन डॉलर के निवेश का एलान किया था। अब यह इरादा भी खटाई में पड़ सकता है। इन तमाम सूचनाओं से भारतीय शेयर बाजार को हिचकोले लगना और साथ ही देश में सियासी विवाद गरमाना लाजिमी है। उचित तो यह है कि कम-से-कम अब नरेंद्र मोदी सरकार अडानी विवाद की संसदीय जांच कराने पर राजी हो जाए।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**वृष राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**सिंह राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव सारहा जाएगा।

**मीन राशिः**आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

# भाजपा ने दांव बहुत कायदे से आजमाया

//अजीत द्विवेदी//

**हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे हैरान करने वाले थे। दोनों राज्यों में सामान्य समझ यह कह रही थी कि भाजपा का गठबंधन चुनाव हार रहा है। तमाम पत्रकार, सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां, राजनीतिक विश्लेषक और पार्टियों के नेता भी यह मान रहे थे कि दोनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। पांच महीने पहले दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था। महाराष्ट्र में उसकी सीटें 23 से घट कर नौ और हरियाणा में 10 से घट कर पांच रह गई थीं।**

हरियाणा में तो सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए भाजपा ने साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया था और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया था। हालांकि उन सैनी की इच्छा के विपरीत उनकी विधानसभा सीट बदल दी गई थी। वे चुनाव जीतने के लेकर कई कतई आशान्वित नहीं थे। तभी आठ अक्टूबर को वोटों की गिनती के दौरान शुरुआती रूझानों में जब भाजपा बहुत पिछड़ गई तो उन्होंने सामने आकर हार स्वीकार कर ली और कहा कि अगर भाजपा हारती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी, पार्टी आलाकमान की नहीं होगी। लेकिन उसके चंद मिनटों के बाद ही सारी तस्वीर बदल गई और भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली।

हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं।

जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है।

ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है। अगर हरियाणा की बात करें तो भाजपा ने वहां पहले दिन से गैर जाट राजनीति की।

उसने 2014 में चुनाव जीतने के बाद पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। इसकी प्रतिक्रिया में 2019 के चुनाव में जाट ध्रुवीकरण पूरी तरह से भूपेंदर सिंह हुड्डा के नाम पर कांग्रेस के साथ हो गया। इसे अवसर मान कर भाजपा ने 2024 में खट्टर को हटा दिया और पिछड़ी जाति के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। इसमें भी भाजपा ने बड़ी होशियारी से गैर यादव पिछड़ी जाति का चेहरा आगे किया क्योंकि हरियाणा के इतिहास में अब तक उनका कोई सीएम नहीं बना था। सो, उसने अपेक्षाकृत कमजोर पिछड़ी जाति का नेतृत्व आगे करके एक नई जातीय अस्मिता को जन्म दिया। इसका फायदा उसको चुनाव में मिला।जब हरियाणा का चुनाव शुरू हुआ तब तक अनुसूचित जातियों के आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका था। भाजपा ने सरकारी स्तर पर इसे लागू करने का ऐलान तो नहीं किया लेकिन राजनीतिक स्तर पर इसे लागू कर दिया। उसने राज्य की एससी आरक्षित सीटों पर जाटव की बजाय अपेक्षाकृत कमजोर दलित जातियों के उम्मीदवार ज्यादा उतारे। दूसरी ओर जाटव वोट बांटने के लिए बहुजन समाज पार्टी व इनेलो और आजाद समाज पार्टी व जननायक जनता पार्टी का गठबंधन था। यह गठबंधन अपने आप बना या उसके पीछे कोई प्रबंधन था, वह अलग अटकल का विषय है। परंतु जाटव वोट बंटे और गैर जाटव वोट भाजपा के साथ जुड़े। इस तरह भाजपा ने सबसे मजबूत और दबंग जाटों को और दलितों में जाटवों को अलग थलग किया और कमजोर पिछड़ी जाति का सीएम बना कर उनके साथ कमजोर दलित समूहों को जोड़ा। जाट शाही की वापसी के हल्ले में 36 बिरादरी को भाजपा ने एक किया। चुनाव के बाद पहली कैबिनेट में जिस तरह से नायब सिंह सरकार ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू किया उससे साफ हो गया कि चुनाव में कैसे उसने इस दांव का प्रयोग किया था।

इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने मराठा आरक्षण का इस्तेमाल अपने हक में किया। असल में जिस मराठा आरक्षण को भाजपा के लिए खतरा माना जा रहा था उसने उसको अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। भाजपा के समर्थन वाली एकनाथ शिंदे सरकार ने मराठाओं को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने का फैसला किया, जिससे ओबीसी समूह नाराज हुए। इसका मकसद मराठा बनाम ओबीसी के विवाद को बढ़ाना था। दोनों के बीच पहले से फॉल्टलाइन थी, जिसे भाजपा ने और बड़ा कर दिया। यह एक जोखिम भरी रणनीति थी, लेकिन भाजपा को पता था कि वह इसे हैंडल कर सकती है। उसने मराठाओं और पिछड़ी जातियों का झगड़ा बढने दिया।

राज्य की ओबीसी राजनीति के सबसे बड़े चेहरे छगन भुजबल को इस आग में घी डालने दिया गया। उन्होंने ओबीसी की रैलियां कराईं और उनको जाग्रत कर दिया। इसके बाद यह नैरेटिव सेट किया गया है कि मराठा वोट शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले खुद सबसे मजबूत पिछड़ी जाति कुनबी से आते हैं लेकिन वे भाजपा के इस नैरेटिव को काउंटर नहीं कर सके। भाजपा ने जैसे हरियाणा में जाट और मुस्लिम बनाम अन्य का माहौल बनाया उसी तरह महाराष्ट्र में मराठा और मुस्लिम बनाम अन्य का मुकाबला बना दिया। उसने इसके लिए बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा भी चलने दिया और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा भी चलने दिया और वोट जिहाद का नैरेटिव बिल्कुल नीचे तक जाने दिया। इससे ध्रुवीकरण कराने में उसको फायदा हुआ। राज्य में 20 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 38 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगियों ने 22 सीटें इसी रणनीति से जीतीं।

ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सिर्फ राजनीतिक रणनीति, नारे या नैरेटिव के स्तर पर खेल किया। उसने सरकारी स्तर पर भी इसके लिए बहुत प्रयास किए। सबसे पहले तो इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वकर्मा सम्मान योजना का जिक्र किया जा सकता है। यह एक गेमचेंजर योजना है, जिसने बिल्कुल कमजोर और वंचित पिछड़ी जातियों को उनके पारंपरिक रोजगार में मदद की। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो वहां राज्य सरकार ने करीब 20 उप निगम यानी सब कॉरपोरेशन बनाए, जिनके जरिए पिछड़ी जातियों के अंदर छोटी छोटी उपजातियों और समूहों की मदद करने का प्रयास किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि इन उपजातियों और समूहों की अपनी अस्मिता सामने आई।

सरकार ने संत कशीबा गुरव युवा फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन बनाया, यह गुरव जाति के लिए था। लिंगायतों के लिए जगद्ज्योति महात्मा बासवेश्वर फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, नाभिकों के लिए संत सेनाजी केशशिल्पी फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, बारी समुदाय के लिए संत नरहरि महाराज फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और राष्ट्रसंत श्रीरूपलाल महाराज फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का गठन किया। यह सूची बहुत लंबी है। संक्षेप में इतना कहा जा सकता है कि लोनारी, तेली, हिंदू खटिक, लोहार, सिम्पी, गवली, गूजर, लेउवा पटेल, वानी, वादर, बेदार, गोंढारी, डोम्बारी, नाथपंथी आदि समुदायों के लिए फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का गठन किया गया। विदर्भ की 62 में से करीब 36 सीटों पर भाजपा का यह दांव बहुत काम आने वाला था।

सो, कमजोर ओबीसी जातियों की पहचान करने, उन्हें मजबूत जातियों के खिलाफ खड़ा करने और उनके महापुरुषों के नाम से योजना शुरू करके या उप निगम बना करके उनकी अस्मिता को बड़ा करने का का दांव भाजपा ने बहुत कायदे से आजमाया। ध्यान रहे यह काम राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने बहुत बारीकी से उत्तर प्रदेश और कई अन्य राज्यों में किया है, जहां अनेक ऐसी जातियों की पार्टियां बन गई हैं और प्रभावी हो गई हैं, जो पहले बिल्कुल हाशिए में थीं। बहरहाल, महाराष्ट्र में हाशिए की इन जातियों को भाजपा ने मुख्यधारा में शामिल किया। इस तरह पारंपरिक अगड़ी और कट्टर हिंदू जातियों के साथ साथ उसने पिछड़ी जातियों की अस्मिता को उभार कर और उन्हें मजबूत जातियों के खिलाफ खड़ा करके सफलता हासिल की। यह काम भाजपा झारखंड में नहीं कर पाई। गैर आदिवासी राजनीति शुरू करने के बाद वह पीछे हट गई। इसका उसको नुकसान हुआ। इस पर कल विचार करेंगे।

# ड्रग्स का कारोबार बिना रोक टोक जारी

//विनीत नारायण//

**आए दिन देश में ऐसी अनेकों खबरें आती रहती हैं कि करोड़ों के मूल्य के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं। इन पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा इतनी ज़्यादा होती है कि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि ये ड्रग्स देश भर में वितरण के लिये ही आई हैं। पर ये कारोबार बिना रोक टोक जारी है। जबकि सिंगापुर में ड्रग्स के विरुद्ध इतना सख़्त क़ानून है कि वहाँ ड्रग्स को छूने से भी ये लोग डरते हैं।**

कुछ वर्ष पहले एक फ़िल्म आई थी उड़ता पंजाब', जिसमें दिखाया गया था कि प्रदेश सरकार की लापरवाही से पंजाब के घर-घर में मादक दवाओं का प्रयोग फैल गया है। जिसके चलते पंजाब कि पूरी युवा पीढ़ी तबाह हो रही है। जिनमें हर वर्ग के युवा शामिल हैं। ग़रीब-अमीर का कोई भेद नहीं। उस वक्त पंजाब में अकाली दल की सरकार थी, तो आम आदमी पार्टी ने सरकार को इस तबाही के लिए ज़िम्मेदार ठहराकर अपना चुनाव अभियान चलाया। इधर पिछले दस वर्षों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है, पर क्या ये सरकार दावे से कह सकती है कि दिल्ली में मादक पदार्थों की बिक्री सारे आम नहीं हो रही।

कुछ महीने पहले हरियाणा के सोनीपत में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थानीय डिग्री कॉलेज के छात्रों को नशीली दवाओं के सेवन के विरुद्ध भाषण दे रहे थे। तभी एक छात्र ने उनसे पूछा कि हमारे कॉलेज के बाहर पान की दुकान पर नशीली दवाएँ रात-दिन बिकती हैं तो आपकी पुलिस क्या कर रही है। जब हर युवा को पता है कि उनके शहर में कहाँ-कहाँ नशीली दवाएँ बिकती हैं तो आपका पुलिस विभाग इतना नकारा कैसे है कि वो इन बेचनेवालों को पकड़ नहीं पाता। पुलिस अधिकारी निरुत्तर हो गये।

मेरे एक पत्रकार मित्र ने 1996 में मुझे बताया था कि देश के एक प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने के मुखिया के विरुद्ध मादक दवाएँ अवैध रूप से उत्पादन करने और अफ़गानिस्तान भेजने के आरोप पर उनकी जनहित याचिका सारे सबूतों के बावजूद दो दशकों से ठंडे बस्ते में पड़ी है। क्योंकि उस घराने के गहरे संबंध हर प्रमुख दल के बड़े नेताओं से हैं। सबको इस कांड का पता भी है। पर कोई कुछ नहीं करता।

उधर पिछले कुछ वर्षों से गुजरात के एक पोर्ट से बार-बार भारी मात्रा में नशीली दवाएँ पकड़ी जा रही हैं। पर इसके पीछे कौन है वो सामने नहीं आ रहा। आए दिन देश में ऐसी अनेकों खबरें आती रहती हैं कि करोड़ों के मूल्य के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं। इन पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा इतनी ज़्यादा होती है कि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि ये ड्रग्स देश भर में वितरण के लिये ही आई हैं। पर ये कारोबार बिना रोक टोक जारी है। जबकि सिंगापुर में ड्रग्स के विरुद्ध इतना सख़्त क़ानून है कि वहाँ ड्रग्स को छूने से भी ये लोग डरते हैं। क्योंकि पकड़े जाने पर सज़ा-ए-मौत मिलती है, बचने का कोई रास्ता नहीं।गृह मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, भोपाल, अमृतसर और चेन्नई, यूपी के हापुड़ और गुजरात के अंकलेश्वर तक ड्रग्स तस्करों का नेटवर्क का भांडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 13 दिनों में 13,000 करोड़ रुपये कीमत की कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना जब्त की। इतना ही नहीं 2004 से 2014 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 5,900 करोड़ रुपए था, जबकि 2014 से 2024 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 22,000 करोड़ रुपये है। दूसरी तरफ़ दुनियाँ भर में दादागिरी दिखाने वाला अमेरिका जो खुद को बहुत ताकतवर मानता है वहाँ ड्रग्स का खूब प्रचलन है।

ज़ाहिर है ड्रग माफिया की पकड़ बहुत ऊँची है। यही हाल दुनियाँ के तमाम दूसरे देशों का है जहां इस कार्टल के विरुद्ध आवाज़ उठाने वालों को दबा दिया जाता है या ख़त्म कर दिया जाता है। चाहे वो व्यक्ति न्यायपालिका या सरकार के बड़े पद पर ही क्यों न हो।

सब जानते हैं कि इन नशीली दवाओं के सेवन से लाखों घर तबाह हो जाते है। औरतें विधवा और बच्चे अनाथ हो जाते हैं। बड़े-बड़े घर के चिराग़ बुझ जाते हैं। पर कोई सरकार चाहें केंद्र की हो या प्रांतों की इसके ख़िलाफ़ कोई ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाती।

सनातन धर्म का बड़े तीर्थ श्री जगन्नाथ पुरी हो या पश्चिमी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र गोवा, हिमाचल प्रदेश के पर्यटक स्थल कुल्लू, मनाली हो या धर्मशाला, भोलेनाथ की नगरी काशी हो या केरल का प्रसिद्ध समुद्र तटीय नगर त्रिवेंद्रम, राजधानी दिल्ली का पहाडगंज इलाक़ा हो या मुंबई के फार्म हाउसों में होने वाली रेव पार्टियाँ, हर ओर मादक दवाओं का प्रचलन खुले आम हो रहा है। आज से नहीं दशकों से। हर आम और ख़ास को पता है कि ये दवाएँ कहाँ बिकती हैं, तो क्या स्थानीय पुलिस और नेताओं को नहीं पता होगा। फिर ये सब कारोबार कैसे चल रहा है? जिसमें करोड़ों रुपये के वारे न्यारे होते हैं।

नशीली दवाओं में प्रमुख हैं- अफ़ीम, पोस्त और इनसे बनने वाली मॉर्फिन, कोडीन, हेरोइन या सिंथेटिक विकल्प मेपरिडीन, मेथाडोन। इनकी भारी लोकप्रियता का कारण है कि इनके सेवन से भय, तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है। सदा असुरक्षा की भावना से ग्रस्त रहने वाले कलाकार और फ़िल्मी सितारों में ये इसीलिए जल्दी पैठ बना लेती हैं। इनमें से कुछ उत्पाद मेडिकल साइंस में भी चिकित्सा के लिये उपयोग किए जाते हैं। जैसे दर्द निवारक दवा बनाने के लिए।

पर इस छूट का ग़लत फ़ायदा उठाकर प्रायः दवा कंपनियाँ नशीली दवाओं के नेटवर्क का हिस्सा बन जाती हैं और अरबों रुपया कमाती हैं। ऐसे में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इस व्यापार को करने वाले न सिर्फ़ क़ानून का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि एक सामाजिक और नैतिक संकट को भी जन्म दे रहे हैं। ऐसे में यदि सरकार और संबंधित एजेंसियाँ सखूती नहीं दिखाएँगी तो ऐसे अपराध और अपराधी बढ़ते ही जाएँगे।

ये सब बंद हो सकता है अगर केंद्रीय और प्रांतीय सरकारें अपने क़ानून कड़े बनायें और उन्हें सख़्ती से लागू करें। अगर हर ज़िले के पुलिस अधीक्षक को ये आदेश मिले कि उसके ज़िले में ड्रग्स की बिक्री होती पायी गयी तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।फिर देखिए कैसे नशीली दवाओं का व्यापार बंद होता है। पर देश के जनता के हित में ऐसा सोचने वाले नेता हैं ही कहाँ। अगर होते तो तपोभूमि भारत उड़ता भारत कैसे बनती ।

## तस्वीरों की दुनिया



देहरादून में 50वें खलंगा मेले के उद्घाटन के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



मोबाइल एंटी-स्मॉग गन से नई दिल्ली में धूल के कणों को कम करने और वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में राजा महेंद्र प्रताप की 138वीं जयंती समारोह को संबोधित किया।




आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत नागपुर में कैथले कुल सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए।



थैलेसीमिया और एड्स रोकथाम सोसाइटी के एक सदस्य ने कोलकाता में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान के तहत गंगा नदी के तट पर एड्स का लोगो बनाया।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव नई दिल्ली में पार्टी की दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली के राम लीला मैदान में दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक और आदिवासी परिसंघ द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया।

# कम से कम 3 बच्चे पैदा करना जरूरी, संघ प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान, कहा- वरना समाज बर्बाद हो जाएगा

**नागपुर, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने परिवार के महत्व पर जोर देते हुए हिंदुओं का नाम लिए बगैर भारत में उनकी घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर समाज की जनसंख्या वृद्धि दर गिरते-गिरते 2.1 प्रतिशत के नीचे चली गई तो तब समाज को किसी को बर्बाद करने की जरूरत नहीं, वह अपने आप ही नष्ट हो जाएगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना बेहद जरूरी है।

नागपुर में कथाले कुल सम्मेलन को रविवार को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख भागवत ने कहा, कुटुंब (परिवार) समाज का हिस्सा है और हरेक कुटुंब इसकी इकाई है। हमारे देश की जनसंख्या नीति, जो 1998 या 2002 के आसपास तय की गई थी, वो ये कहती है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। हमें दो से अधिक बच्चों की जरूरत है, यानी तीन (जनसंख्या वृद्धि दर के रूप में), जनसंख्या विज्ञान यही कहता है। यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे (समाज को) जीवित रहना चाहिए। ध्यान रहे कि इसी साल भारत बढ़ती आबादी की लंबी छलांग लगाते हुए चीन को पछाड़ कर जनसंख्या में मामले में विश्व में अव्वल आ गया है। हालांकि भारत में बहुसंख्यक हिंदू पिछली जनगणना में 80 प्रतिशत थे, जो अब इस साल तक उनकी जनसंख्या वृद्धि दर घटने से देश में उनकी कुल आबादी घटकर 78.9 प्रतिशत ही रह गई है। जबकि हिंदू आबादी अब भी देश में करीब 1.094 अरब है। पूरे विश्व के 95 प्रतिशत हिंदू भारत में रहते हैं। जबकि देश में मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर बढ़ी है। मोहन भागवत से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने भी दो से अधिक बच्चा पैदा करने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों के लोगों को ज्यादा बच्चा पैदा करने की जरूरत है। दक्षिण में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। गांव खाली हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश की सरकार दो से अधिक बच्चा पैदा करने वाले परिवारों को प्रोत्साहन राशि देने पर भी विचार कर रही है। सरकार यह भी कानून बनाने की तैयारी में है कि दो से अधिक बच्चे वाले लोग ही स्थानीय निकाय का चुनाव लड़ने के योग्य होंगे। नायडू का कहना है कि गांवों से युवाओं के पलायन की वजह से समस्या और विकराल हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय प्रजनन दर 2.1 है। जबकि दक्षिण के राज्यों में 1.6 फीसदी है।



## यह हमारी विरासत पर हमला, अजमेर दरगाह मामले में नजीब जंग समेत पूर्व नौकरशाहों ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** अजमेर शरीफ दरगाह मामले में पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने पीएम मोदी से इन गतिविधियों को रोकने और हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह भारत की सभ्यतागत विरासत पर वैचारिक हमला है।यह एक समावेशी देश के विचार को विकृत करता है। पत्र में कहा गया है कि पीएम मोदी अकेले ही इसे रोक सकते हैं। पूर्व नौकरशाहों ने यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12वीं शताब्दी के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के वार्षिक उर्स के अवसर पर चादरें भेज चुके हैं। दिल्ली के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर नजीब जंग, यूनाइटेड किंगडम में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शिव मुखर्जी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, पूर्व उप-सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रवि वीर गुप्ता समेत लगभग आधा दर्जन पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों ने 29 नवंबर को प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखा।

## भारत समेत 9 देशों को ट्रंप की खुली चेतावनी, कहा- लगा देंगे 100 प्रतिशत टैरिफ, बंद कर देंगे अमेरिकी बाजार



**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर ।**

चुनाव जीतने के बाद से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से एक के बाद अपनी आगामी सरकार की नीतियों का एलान कर रहे हैं उसकी अगली कड़ी में भारत को भी परोक्ष तौर पर निशाना बनाया गया है। ट्रंप ने शनिवार को देर रात यह एलान किया कि अगर ब्रिक्स देशों की तरफ से ब्रिक्स करेंसी या स्थानीय मुद्रा में कारोबार को बढ़ावा दिया जाता है तो इन देशों के उत्पादों पर 100 फीसद का आयात शुल्क लगाया जाएगा और अमेरिका का बाजार बंद कर दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ इसे ट्रंप की तरफ से रूस और चीन पर निशाना लगाने के तौर पर देखा जा रहा है लेकिन ब्रिक्स की शुरुआत करने वाले देशों में शामिल होने के नाते भारत भी इस नीति का शिकार हो सकता है। भारत ने आधिकारिक तौर पर ट्रंप के इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन अधिकारी मान रहे हैं कि बतौर राष्ट्रपति इसे लागू करना ट्रंप के लिए बहुत ही टेढ़ी खीर होगी।साथ ही यह भी स्पष्ट करना जरूरी है कि ब्रिक्स संगठन के भीतर ब्रिक्स करेंसी को लेकर कोई विचार नहीं है।

हालांकि 23 अक्टूबर, 2024 को कजान (रूस) में हुई ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त घोषणा पत्र में इन देशों ने स्थानीय मुद्रा में आपसी कारोबार को बढ़ावा देने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है।ट्रंप ने सोशल साइट एक्स पर अपनी भावी नीति का एलान करते हुए कहा है कि ब्रिक्स देशों की तरफ से डॉलर से कारोबार करने को बंद करने के मुद्दे पर प्रतीक्षा करने की नीति अब खत्म होती है।

# दोबारा खुल सकता है बोफोर्स मामला, अमेरिका को न्यायिक अनुरोध भेजेगी CBI, हर्शमैन के खुलासे के बाद उठाया कदम

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बोफोर्स मामला फिर खुल सकता है। इस मामले में सीबीआई जल्द ही प्राइवेट जासूस माइकल हर्शमैन से जानकारी मांगने के लिए अमेरिका को न्यायिक अनुरोध भेजेगी। हर्शमैन ने 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स रिश्वत घोटाले के बारे में महत्वपूर्ण विवरण भारतीय एजेंसियों के साथ साझा करने की इच्छा जताई थी।

गौरतलब है कि तत्कालीन राजीव गांधी सरकार के दौरान होवित्जर तोपों के लिए स्वीडिश फर्म बोफोर्स के साथ 1,437 करोड़ रुपये के सौदे में रिश्वतखोरी के आरोप लगे थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दोषमुक्त कर दिया था। कोर्ट ने एक साल बाद इस मामले में हिंदुजा बंधुओं सहित शेष आरोपितों के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया था। कथित बिचौलिया ओतावियो क्वात्रोची भी 2011 में अदालत से बरी हो गया था। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि सीबीआई ने न्यायिक अनुरोध भेजने के बारे में विशेष अदालत को सूचित किया है। विशेष अदालत मामले की आगे की जांच के लिए सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही है। लेटर्स रोगेटरी (एलआर) भेजने की प्रक्रिया इस साल अक्टूबर में शुरू हुई थी। इस प्रक्रिया में लगभग 90 दिन लग सकते हैं। इसका उद्देश्य मामले की जांच के लिए जानकारी प्राप्त करना है।आपराधिक मामले की जांच या अभियोजन में सहायता प्राप्त करने के लिए एक देश की अदालत द्वारा दूसरे देश की अदालत को भेजे गए लिखित अनुरोध को लेटर रोगेटरी कहते हैं। सीबीआई ने विशेष अदालत को सूचित किया कि वह इस मामले की जांच फिर से शुरू करने की योजना बना रही है। सीबीआई ने पहले आठ नवंबर, 2023, 21 दिसंबर, 2023, 13 मई, 2024 और 14 अगस्त, 2024 को अमेरिकी अधिकारियों को पत्र और रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली,

अमेरिकी अधिकारियों ने अतिरिक्त समय का अनुरोध किया। सीबीआई ने अब एलआर मार्ग अपनाने का विकल्प चुना है। फेयरफैक्स समूह के प्रमुख हर्शमैन ने प्राइवेट जासूसों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2017 में भारत आए थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया था कि घोटाले की जांच में कांग्रेस सरकार ने रोड़े अटकाए। हर्शमैन ने कहा कि वह सीबीआई के साथ विवरण साझा करने के इच्छुक थे। सीबीआई ने कई साक्षात्कारों में उनके दावों पर ध्यान दिया और 2017 में कहा कि मामले की उचित प्रक्रिया के अनुसार जांच की जाएगी।




## शेख हसीना पर बम से हमला का मामला पूर्व पीएम खालिदा जिया का बेटा बरी

**ढाका।** ढाका हाई कोर्ट ने रविवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान एवं पूर्व राज्यमंत्री लुत्फोजमां बाबर को सत्ता से बेदखल प्रधानमंत्री शेख हसीना की 2004 की एक रैली में बम से हमला करने के मामले में बरी कर दिया।

हाई कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया। 57 वर्षीय तारिक रहमान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक चेयरमैन हैं। अटार्नी जनरल कार्यालय ने कहा, हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया और तारिक रहमान समेत सभी दोषियों को रिहा कर दिया। ढाका में बंगबंधु एवेन्यू में 21 नवंबर, 2021 को रैली में बम विस्फोट से 24 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 300 लोग घायल हो गए थे।

# देशभर में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड, DPDP एक्ट पर अमल में देरी पड़ रही भारी

## लागू हुआ तो डाटा बेचना नहीं होगा आसान

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारत ही नहीं पूरी दुनिया साइबर फ्रॉड की चपेट में है। वैश्विक रूप से साइबर अटैक में वर्ष 2024 की पहली तिमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 76 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंबोडिया, म्यांमार, लाओस, चीन, रूस और ईरान साइबर फ्रॉड के पनाहगाह बनते जा रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में कहा है कि साइबर फ्रॉड को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकता है।

साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग की जरूरत महसूस की जा रही है। तभी भारत यूरोपीय यूनियन के साथ साइबर सहयोग पर संवाद कर रहा है। हालांकि अलग-अलग देश साइबर फ्रॉड व अपराध को रोकने के लिए खास कानून बना रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में चंद रोज पहले ही साइबर सुरक्षा के नए कानून को मंजूरी दी गई है तो अमेरिका भी अलग से साइबर सुरक्षा के लिए जल्द ही कानून लाने जा रहा है। पिछले साल साइबर फ्रॉड से अमेरिका को 12.5 अरब डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत सरकार का इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय पिछले साल डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) एक्ट लेकर तो आ गया लेकिन अब तक इसे अमल में नहीं लाया जा सका है। विशेषज्ञों का मानना है कि डीपीडीपी एक्ट के लागू होने पर साइबर फ्रॉड खासकर व्यक्तिगत रूप से होने वाले फ्रॉड को रोकने में मदद मिलेगी। डीपीडीपी एक्ट में किसी भी व्यक्ति के डिजिटल डाटा को बेचना या किसी और को देना आसान नहीं रह जाएगा। व्यक्ति की रजामंदी से ही किसी के डिजिटल डाटा को कहीं और पर इस्तेमाल के लिए दिया जा सकेगा।

व्यक्ति को यह जानने का हक होगा कि उसका डाटा किसी संस्था को कहां से प्राप्त हुआ। इससे फायदा यह होगा कि पहले से अगर आपका डाटा किसी कंपनी के पास है तो वह उसके इस्तेमाल या किसी और देने से पहले आपसे पूछेगा। कानून तोड़ने वालों पर करोड़ों में जुर्माना लगाया जाएगा। जानकारों का कहना है कि साइबर फ्रॉड के लिए डाटा सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। बैंक कर्मचारियों की तरफ से खाताधारकों के डाटा को जालसाज के हाथ बेचने के कई मामले सामने आ चुके हैं। डाटा मिलने से जालसाज को उस व्यक्ति की महत्वपूर्ण जानकारी मिल जाती है और उसके साथ धोखा करना आसान हो जाता है। अभी ई-कामर्स कंपनी या इंटरमीडिएरिज के पास बड़े पैमाने पर लोगों का डाटा होता है और उस डाटा का कैसे इस्तेमाल हो रहा है, इसकी कोई जानकारी नहीं होती है।

# 1 दिसंबर को आई खुशखबरी! जीएसटी से भर गया सरकार का खजाना

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दूसरी तिमाही में इकोनमी की सुस्त रफ्तार के बाद सरकार की तरफ से नवंबर, 2024 में जीएसटी संग्रह के जो आंकड़े जारी किये गए हैं उसे ठीक माना जा रहा है। नवंबर महीने में देश में वस्तु व सेवा शुल्क के तौर पर कुल संग्रह 1,82,269 करोड़ रुपये की रही है। वैसे यह नवंबर, 2023 के मुकाबले 8.5 फीसद ज्यादा है लेकिन वृद्धि की यह रफ्तार अक्टूबर, 2024 में दर्ज 8.9 फीसद से कम है।

नवंबर में देश के कई क्षेत्रों में त्योहारों का मौसम होता है और त्योहारी मांग से ज्यादा आम तौर पर ज्यादा संग्रह होती है। केंद्र सरकार ने दो दिन पहले बताया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में देश की आर्थिक विकास दर 5.4 फीसद रहने का अनुमान है। यह पिछले सात तिमाहियों की सबसे न्यूनतम विकास दर है। इसके बाद कई आर्थिक शोध एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक विकास दर अनुमान को 7.2 फीसद से घटा कर 6-6.5 फीसद रहने की बात कही है।

वित्त मंत्रालय की तरफ से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्रीय जीएसटी 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी की राशि 43,047 करोड़ रुपये, इंटेग्रेटेड आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये, अधिभार 13,252 करोड़ रुपये रही है।

# वक्फ की कितनी संपत्तियों पर है कब्जा, संसदीय समिति ने राज्यों से मांगा ब्योरा, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में जिक्र


**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**




वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति ने राज्य सरकारों से अनधिकृत कब्जे वाली वक्फ संपत्तियों का ब्योरा मांगा है। सच्चर समिति की रिपोर्ट में कई राज्यों में वक्फ संपत्तियों पर कब्जे का उल्लेख किया गया था। समिति ने राज्यों से वक्फ अधिनियम की धारा 40 के तहत वक्फ बोर्डों द्वारा दावा की गई संपत्तियों का भी विवरण मांगा है। बता दें कि संसदीय समिति का कार्यकाल अब बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ा दिया गया है। कांग्रेस सरकार ने 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया था। इस कानून की धारा 40 पर सबसे अधिक विवाद है। दरअसल, यह धारा वक्फ बोर्डों को यह तय करने का अधिकार देता है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अब मौजूदा संशोधन विधेयक में इस पर ही अंकुश लगाने की तैयारी है। हालांकि विपक्षी दलों समेत कई मुस्लिम संगठनों ने सरकार के कदम की आलोचना की। उन्होंने विधेयक को धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करार दिया। संसदीय समिति ने उन वक्फ संपत्तियों का भी ब्योरा मांगा है, जहां पर राज्य सरकार या उनकी आधिकारिक एजेंसियों का कब्जा है। 2005 में बनी सच्चर समिति को विभिन्न वक्फ बोर्डों ने अधानिकृत कब्जों की जानकारी दी थी। संसदीय समिति केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के माध्यम से राज्यों से जानकारी जुटा रही है।

# अमेरिका में बढ़ रही भारतवंशियों की धमक, ट्रंप प्रशासन में कई चेहरे, अब FBI की कमान काश पटेल के हाथ में

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**



अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। वे शीर्ष अमेरिकी कंपनियों के उच्च पदों से लेकर देश की राजनीति में भी अहम पदों तक पहुंच रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी प्रशासन के लिए अब तक कई भारतवंशियों को नामित कर चुके हैं। जबकि ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जानी मूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय रिपब्लिकन नेता के दूसरे कार्यकाल के केंद्र में होगा। नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी भारतीय मूल की हैं। उषा का ताल्लुक आंध्र प्रदेश से है। कार्यक्षमता बढ़ाने वाले विभाग के प्रमुख के पद पर एलन मस्क के साथ नामित किए गए विवेक रामास्वामी का जुड़ाव केरल से है। उनके माता-पिता केरल से अमेरिका में जाकर बस गए थे और यहीं पर उनका जन्म हुआ। जबकि ट्रंप ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक पद के लिए जय भट्टाचार्य को चुना है। उनका जन्म कोलकाता में हुआ है। ट्रंप ने तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है। चार बार सांसद रह चुकीं गबार्ड ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप का खुलकर समर्थन किया था। ट्रंप ने अब काश पटेल को एफबीआई का प्रमुख नामित किया है। गत पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले ट्रंप लगातार अपने प्रशासन को आकार दे रहे हैं। वह अब तक विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और एनएसए समेत कई अहम पदों के लिए नामों की घोषणा कर चुके हैं। ट्रंप अगले वर्ष 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा।

## टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस 1 से 4 के मध्य रहेगी रद्द

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के कोटशिला स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग व अन्य संरक्षा संबंधित कार्य हेतु पावर ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के कोटशिला स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग एवं अन्य संरक्षा संबंधित कार्य हेतु पावर ब्लॉक लिया जायेगा 7 जिसके फ्लस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दिनांक 01 दिसम्बर से 04 दिसम्बर 2024 तक गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनाँक 03 दिसम्बर 2024 को गाड़ी संख्या 18110/18109 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के सुल्तान बाथरी में एक जनसभा को संबोधित किया।

# एक साल बढ़ सकती है जल जीवन मिशन की अवधि, अभी 80 प्रतिशत पूरा हुआ काम

**नईदिल्ली, 02 दिसम्बर [एजेंसी]।**




केंद्र सरकार ने कहा है कि ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाए जाने पर विचार किया जा रहा है। यह मिशन निर्धारित योजना के अनुसार इस साल 31 दिसंबर तक समाप्त होना था, लेकिन अभी तक लगभग 80 प्रतिशत घरों में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी है। केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने गत दिवस राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि मिशन की अवधि बढ़ाए जाने के तौर-तरीके तय किए जा रहे हैं और जल्द ही इस बारे में घोषणा की जाएगी। इस मिशन की शुरुआत अगस्त 2019 में की गई थी और इसका उद्देश्य सभी 19.34 करोड़ घरों को टैप से पानी उपलब्ध कराना था। जिस समय यह मिशन शुरू किया गया था तब केवल 3.23 करोड़ घरों में नल से जल की सुविधा थी।

पांच साल में इस मिशन में अच्छी प्रगति हुई है और अब 15.29 करोड़ घरों को यह सुविधा प्रदान की जा चुकी है। सरकार ने बताया है कि कई कारणों से इस मिशन का लक्ष्य दिसंबर तक हासिल करना संभव नहीं रह गया है। इनमें रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में पड़े असर के अलावा कोविड महामारी का प्रकोप भी शामिल है।लगभग दो वर्षों के दौरान इस योजना पर जमीन पर कोई खास काम नहीं हो सका। इसके अलावा योजना पर क्रियान्वनय के लिए राज्यों की ओर से केंद्र के बराबर धनराशि जारी करने में देरी भी मिशन में पिछड़ने का एक बड़ा कारण है।

सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि सूखे के शिकार और सामान्य रूप से भी पानी की किल्लत से जूझने वाले क्षेत्रों में इस मिशन का क्रियान्वयन आसान नहीं है। जलशक्ति मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार योजना को दिसंबर 2025 तक बढ़ाया जा सकता है। अभी तक 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों ने ग्रामीण घरों में सौ प्रतिशत नल से जल की आपूर्ति का काम पूरा कर लिया है।




## मीरा राजपूत ने नवंबर में बिताए कुछ खास पलों को किया याद

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ नवंबर में बिताए गए कुछ खास पलों को शेयर किया।

शाहिद कपूर की पत्नी अपनी एक खास पहचान रखती हैं। वह अपने जीवन से जुड़े खास पलों को अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। नवंबर खत्म होने से पहले मीरा ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में उन्हें अपने दोस्तों के साथ देखा जा सकता है। शेयर की गई फोटो में उनके स्किनकेयर रूटीन की झलक भी देखी जा सकती है। हाल ही में मीरा राजपूत अपने अभिनेता पति शाहिद कपूर के साथ एक पारिवारिक शादी में शामिल हुईं, जिसमें अभिनेता ने अपने जोशीले गाने गंदी बात पर अपने डांस मूव्स दिखाए। इस कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। एक क्लिप में कपूर को दुल्हन के साथ थिरकते हुए देखा गया। 21 नवंबर को जोड़े को एक शादी में देखा गया हैदर अभिनेता यहां क्लासिक ऑल-व्हाइट कुर्ता-पायजामा पहने दिखाई दिए। वहीं उनकी पत्नी मीरा एक साधारण लेकिन स्टाइलिश फ्लोरल ड्रेस में दिखाई दीं। शाहिद और मीरा ने 2015 में अरेंज मैरिज के साथ अपने शादीशुदा जीवन में कदम रखा। बता दें कि मीरा मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। मीरा ने 2016 बेटी मीशा कपूर का जन्म दिया। 2018 में मीरा ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने ज़ैन कपूर रखा। शाहिद अगली बार आगामी एक्शन-ड्रामा देवा में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। पहले यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। मगर अब यह 31 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी। इसकी घोषणा करते हुए निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आराम से बैठिए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है, देवा 31 जनवरी, 2025 सिनेमाघरों में आएगी। हम आपको उम्मीद से पहले यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर दिखाने के लिए उत्साहित हैं। अपने कैलेंडर पर यह तारीख दर्ज कर लें और एक ऐसे रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाएं, जिसे आप कभी नहीं भूल पाएंगे।

# कुम्भलगढ़ पर्यटन स्थल: राजस्थान का ऐतिहासिक किला और धरोहर

कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था।



राजस्थान का कुम्भलगढ़ किला भारतीय इतिहास और स्थापत्य कला का एक अद्वितीय उदाहरण है। यह किला राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है और यह भारतीय किलों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कुम्भलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों, भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रसिद्ध है। यह किला केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि राजस्थान की शाही धरोहर का प्रतीक भी है। कुम्भलगढ़ को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। आइए, जानते हैं कुम्भलगढ़ के प्रमुख आकर्षण और इसके महत्व के बारे में।

1. कुम्भलगढ़ किला

कुम्भलगढ़ किला, जिसे 'राजस्थान का ग्रेट वॉल' भी कहा जाता है, कुम्भलगढ़ पहाड़ी पर स्थित है। यह किला 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा द्वारा बनवाया गया था और यह किला मेवाड़ साम्राज्य का एक महत्वपूर्ण किला था। किले की दीवारें लगभग 36 किलोमीटर लंबी हैं, जो इसे दुनिया की दूसरी सबसे लंबी किलावाली दीवार बनाती हैं, केवल चीन की दीवार के बाद। कुम्भलगढ़ किले का किला परिसर बहुत विशाल है और इसमें कई महल, मंदिर और जलाशय हैं। किले की दीवारों पर चढ़कर आप कुम्भलगढ़ और आसपास के क्षेत्र का शानदार दृश्य देख सकते हैं।

2. बड़ी सीढ़ियाँ

कुम्भलगढ़ किले की विशाल दीवारों के आसपास बड़ी सीढ़ियाँ हैं, जिन पर चढ़ते हुए पर्यटक किले के विभिन्न हिस्सों को देख सकते हैं। इन सीढ़ियों से किले के भीतर के अन्य महलों और संरचनाओं का दृश्य अद्भुत होता है। किले की दीवारों पर बनी मजबूत संरचना यह दर्शाती है कि किले का निर्माण युद्ध की दृष्टि से बहुत ही मजबूत और प्रभावशाली था।

3. कुम्भलगढ़ किला के महल

कुम्भलगढ़ किले में कई महल स्थित हैं, जिनमें सबसे प्रमुख महल राणा कुम्भा महल है। इस महल का वास्तुशिल्प राजपूत शैली का अद्भुत उदाहरण है। इस महल में राजपूत शाही परिवार के लिए शानदार कक्ष, जलाशय और स्विमिंग पूल भी बनाए गए थे। महल के अंदर एक संग्रहालय भी है, जहाँ कुम्भलगढ़ किले के इतिहास और यहां रहने वाले शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

4. कुम्भलगढ़ के मंदिर

कुम्भलगढ़ किले के भीतर कई मंदिर स्थित हैं, जो किले की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। इनमें से कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में लक्ष्मी नारायण मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर हैं। इन मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों और शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है। ये मंदिर दर्शाते हैं कि कुम्भलगढ़ सिर्फ एक किला ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थल था।

5. कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

कुम्भलगढ़ किले के आसपास स्थित कुम्भलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, एक शांतिपूर्ण और प्राकृतिक स्थल है। यहाँ की घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और पक्षी पाए जाते हैं। पर्यटक यहाँ जैव विविधता का आनंद ले सकते हैं और जंगली जीवन के करीब जा सकते हैं। अभयारण्य में ट्रैकिंग और अन्य साहसिक गतिविधियाँ भी उपलब्ध हैं।

6. कुम्भलगढ़ किले का सूर्यास्त

कुम्भलगढ़ किला सूर्यास्त के समय बेहद सुंदर नजर आता है। किले की दीवारों पर चढ़कर सूर्यास्त का दृश्य देखना एक अद्भुत अनुभव होता है। यह दृश्य न केवल मनोहक है, बल्कि यह पर्यटकों को शांति और सुकून का अनुभव भी कराता है।

7. कुम्भलगढ़ में फेस्टिवल्स और इवेंट्स

कुम्भलगढ़ किले में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, महोत्सव और प्रदर्शन आयोजित किए जाते हैं। यहाँ का कुम्भलगढ़ महोत्सव एक प्रमुख उत्सव है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक संगीत, नृत्य और शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाता है। यह महोत्सव किले के ऐतिहासिक महत्व को फिर से जीवित करता है और पर्यटकों को एक शानदार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

कैसे पहुंचे कुम्भलगढ़?

हवाई मार्ग-कुम्भलगढ़ का निकटतम एयरपोर्ट उदयपुर में स्थित है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 85 किलोमीटर दूर है। उदयपुर से टैक्सी या बस द्वारा कुम्भलगढ़ पहुंचा जा सकता है।

रेल मार्ग-कुम्भलगढ़ का निकटतम रेलवे स्टेशन नाथद्वारा रेलवे स्टेशन है, जो कुम्भलगढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित है। आप नाथद्वारा स्टेशन से कुम्भलगढ़ के लिए टैक्सी ले सकते हैं।

सड़क मार्ग-कुम्भलगढ़ सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उदयपुर, राजसमंद और अन्य प्रमुख शहरों से कुम्भलगढ़ के लिए बसें और टैक्सियाँ उपलब्ध हैं।

कुम्भलगढ़ किला राजस्थान का एक अद्भुत पर्यटन स्थल है, जो ऐतिहासिकता, वास्तुकला, और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। यहाँ का किला, मंदिर, वन्यजीव अभयारण्य और सूर्यास्त के दृश्य पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। कुम्भलगढ़ ना सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह शांति, सुंदरता और रोमांच का भी एक बेहतरीन मिश्रण है। अगर आप राजस्थान की समृद्ध धरोहर को जानने के इच्छुक हैं, तो कुम्भलगढ़ एक बेहतरीन यात्रा स्थल है।

# जंप स्क्वाट्स: जानिए इस एक्सरसाइज का अभ्यास, फायदे और अन्य जरूरी बातें

जंप स्क्वाट्स एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके निचले शरीर की ताकत और शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।यह एक्सरसाइज खासकर एथलीटों और फिटनेस प्रेमियों के बीच लोकप्रिय है क्योंकि यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि संतुलन भी सुधारता है।जंप स्क्वाट्स करने से आपके पैरों, जांघों और कूल्हों की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जिससे आपकी कुल शारीरिक क्षमता में बढ़ोतरी होती है।



जंप स्क्वाट्स कैसे करें

जंप स्क्वाट्स करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने पैरों को कंधे-चौड़ाई पर रखें। फिर धीरे-धीरे नीचे बैठें जैसे कि आप एक सामान्य स्क्वाट कर रहे हों।जब आप नीचे पहुंचें, तो अपनी एड़ी से जोर लगाकर ऊपर की ओर कूदें। हवा में रहते हुए अपने हाथों को ऊपर उठाएं और फिर धीरे-धीरे वापस जमीन पर आएं।ध्यान दें कि जब आप जमीन पर लौटें तो घुटनों को थोड़ा मोड़कर झटका कम करें।

जंप स्क्वाट्स के फायदे

जंप स्क्वाट्स कई फायदे प्रदान करते हैं।सबसे पहले यह एक्सरसाइज आपके निचले शरीर की मांसपेशियों को मजबूत करता है, खासकर जांघों, कूल्हों और पैरों को।दूसरा, यह आपकी हृदय गति बढ़ाता है, जिससे कार्डियोवस्कुलर स्वास्थ्य में सुधार होता है।तीसरा, जंप स्क्वाट्स करने से कैलोरी बर्न होती हैं, जो वजन घटाने में मदद करती हैं।चौथा, इस एक्सरसाइज से आपका संतुलन बेहतर होता है।

एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

जंप स्क्वाट्स करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि चोट का खतरा कम हो सके।सबसे पहले सुनिश्चित करें कि आपकी तकनीक सही हो क्योंकि गलत तरीके से करने पर घुटनों या पीठ में दर्द हो सकता है।इसके अलावा एक्सरसाइज से पहले हमेशा वार्मअप करें ताकि मांसपेशियां तैयार रहें और चोट का खतरा कम हो सके।साथ ही अगर आपको किसी प्रकार की चोट या दर्द महसूस होता है तो तुरंत रुक जाएं और डॉक्टर से सलाह लें।

नियमितता बनाए रखें

जंप स्क्वाट्स का अधिकतम लाभ पाने के लिए इसे नियमित रूप से करना जरूरी है।सप्ताह में कम से कम 3 बार इस एक्सरसाइज को शामिल करें ताकि आपकी मांसपेशियां लगातार मजबूत होती रहें और आपका फिटनेस स्तर बढ़ता रहे।साथ ही अन्य प्रकार के एक्सरसाइज जैसे स्ट्रेचिंग या योगा भी शामिल करें ताकि आपका शरीर लचीला बना रहे।इस तरह जंप स्क्वाट्स आपके निचले शरीर की ताकत बढ़ाने का एक बेहतरीन तरीका साबित हो सकते हैं।

## योगा और रनिंग से कितना अलग है वर्कआउट जान लीजिए ये कितना जरूरी



योग और रनिंग, एक्सराइज ऐसे भी किसी भी तरह के वर्कआउट दोनों के अलग-अलग तरह के होते हैं. योग के फायदे आपको धीरे-धीरे दिखाई देते हैं. यह एक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी होता है. से मोटापा, डायबिटीज़, अस्थमा, और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम होता है. योग से स्ट्रेस, एंग्ज़ायटी, और डिप्रेशन जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है. इससे मानसिक और शारीरिक बैलेंस बना रहता है. रनिंग करने से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन काफी तेज होता है और मांसपेशियां मज़बूत होती हैं. रनिंग से कैलोरी और फ़ैट बर्न दोनों होता है और मोटापा कम होता है. रनिंग से दिल भी बेहतर रहता है. रनिंग से पहले योग से वार्म-अप किया जा सकता है और रनिंग के बाद योग से कूल-डाउन किया जा सकता है. रनिंग और योग के बीच चुनाव आपकी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और फ़िटनेस लक्ष्यों पर निर्भर करता है. अगर आप वज़न कम करना चाहते हैं और मांसपेशियों को बढ़ाना चाहते हैं, तो जिम ट्रेनिंग करना बेहतर है. वर्कआउट यानी एक्सरसाइज हम सभी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद ज़रूरी है. वहीं, वर्कआउट न करना और ज़रूरत से ज़्यादा कर लेना शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकता है. इसलिए आज हम बात करेंगे कि एक व्यक्ति का कितनी देर वर्कआउट करना काफी माना जाता है.



## अनुष्का सेन ने स्टाइलिश गाउन पहन इंटरनेट पर बरपाया कहर

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का बन बांधकर, लाइट मेकअप और गले में नेकलेस पहनकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं वो अपने परफेक्ट कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक करते हैं।

अनुष्का सेन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं।

## ज्योति पूर्वाज अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म किलर का मोशन आउट

कई हिट धारावाहिकों और फिल्मों में काम कर चुकीं नायिका ज्योति पूर्वाज सोशल मीडिया पर सनसनी बन गई हैं और पूरे भारत में दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। निर्देशक पूर्वाज, जिन्हें शुक्र, मातारानी मौनीदी और ए मास्टरपीस जैसी विविधतापूर्ण फिल्मों के लिए जाना जाता है, अपनी नवीनतम एक्शन थ्रिलर किलर के साथ धूम मचाने के लिए तैयार हैं। टीम ने किलर पार्ट 1: ड्रीम गर्ल के शीर्षक के साथ मोशन पोस्टर का अनावरण किया। मोशन पोस्टर में एक शक्तिशाली महिला, एक बंदूक और शतरंज के मोहरों को दिखाया गया है, जो एक मजबूत प्रभाव छोड़ते हैं। थिंक सिनेमा और मर्ज एक्सआर के बैनर तले पूर्वाज और प्रजय कामत द्वारा निर्मित, यह फिल्म उनके दूसरे सहयोग को दर्शाती है। पूर्वाज किलर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फिल्म के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी। अतिरिक्त मुख्य कलाकारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -253

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 252 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण की मिसाल

## टेड़गा नाला में हुआ बोरी बंधान, जल संरक्षण के लिए महिलाओं ने दिखाई मजबूत नेतृत्व क्षमता





**कोरिया बैकुंठपुर।** जल, जंगल और जमीन के महत्व को समझाते हुए जिला कोरिया में महिलाओं की अगुवाई में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला अधिकारियों और ग्रामीण महिलाओं ने सोनहत विकासखंड के ग्राम अंगवाही स्थित टेड़गा नाला में बोरी बंधान कार्य किया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।

अभियान में कलेक्टर के साथ जिला वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको, अपर कलेक्टर श्रीमती अंकित सोम, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह और कई महिला अधिकारी शामिल हुईं। ग्रामीण महिलाओं और सरपंच श्रीमती गुलावती बाई की सहभागिता ने इस पहल को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, जल, जंगल और जमीन के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। नारी शक्ति इस अभियान के माध्यम से समाज को यह संदेश देना चाहती है कि जल संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और प्लास्टिक का उपयोग बंद करें ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। वनमण्डलाधिकारी श्रीमती खलको ने जल संरक्षण के साथ-साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ों की कटाई रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, स्वच्छ वायु और शुद्ध पर्यावरण भावी पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी सौगात है। इसके लिए हर किसी को भागीदारी निभानी होगी। सुबह 10 बजे शुरू हुआ यह अभियान साथी हाथ बढ़ाना और पानी जिंदगानी है जैसे प्रेरक ध्येय वाक्यों के साथ पूरे उत्साह से संपन्न हुआ। बोरी बंधान कार्य से न केवल बहते पानी को रोका गया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी और अधिकारियों का समर्पण यह साबित करता है कि जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा में सामूहिक प्रयास कितने महत्वपूर्ण हैं। यह पहल न केवल आज की जरूरत है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी जीवनशैली की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इस अभियान में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम राकेश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, और सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए. टोप्पो, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अनिल मिश्रा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनिल पोद्दार, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, डीआईओ सुखदेव पटेल समेत कई विभागीय अधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने नाला में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

## शौचालय निर्माण में जुटे अधिकारी: प्रशासन की अनूठी पहल





### कलेक्टर सहित तमाम अधिकारियों ने बहाया पसीना

**कोरिया बैकुंठपुर।** हमारा शौचालय, हमारा सम्मान अभियान के तहत कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत कछार में आज जिला प्रशासन ने मानवता और स्वच्छता के प्रति समर्पण का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम, एसडीएम श्रीमती दीपका नेताम, सरपंच श्रीमती गुलावती बाई सहित अधिकारियों, ग्रामीणों ने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में श्रमदान कर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

सुबह 8 बजे से शुरू इस अभियान में अधिकारियों ने खुद मसाला मिलाया, गड्ढे खोदे और निर्माण सामग्री उठाई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन व अन्य विभाग के अधिकारियों ने पसीना बहाकर श्रमदान की महत्व को प्रतिपादित भी की। ग्रामवासी श्री भोला के घर बन रहे शौचालय में श्रमदान करते हुए अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि स्वच्छता ही सम्मान और स्वास्थ्य की कुंजी है। श्रमदान के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, शौचालय केवल एक निर्माण नहीं, यह आत्मसम्मान और स्वच्छ जीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा टॉयलेट फॉर डिग्निटी के तहत जनजागरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हम सभी की भागीदारी से ही स्वच्छता का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शौचालय निर्माण को प्राथमिकता दें और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। जिला प्रशासन के इस प्रेरणादायक कदम ने न केवल स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि सामूहिक प्रयासों की शक्ति को भी उजागर किया। अधिकारी और ग्रामीण एकजुट होकर यह संदेश देने में सफल रहे कि जब प्रशासन और समाज मिलकर काम करें, तो हर चुनौती को पार किया जा सकता है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसने न केवल ग्रामीणों को जागरूक किया, बल्कि उनके मन में आत्मनिर्भरता और सहभागिता का भाव भी जगाया।

## राज्य के चार बड़े शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में नागरिकों को जल्द ही इको-फ्रेंडली, किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत इन चारों शहरों में कुल 240 ई-बसें संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर के लिए 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सुडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ई-बस सेवा प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा।

## मतदाता सूची में छेड़छाड़ की शिकायत गलत साबित

### ग्राम पंचायत डाकईपारा: सभी दावा-आपत्तियों का समय पर निराकरण

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के पटना तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डाकईपारा में मतदाता सूची से संबंधित सभी 70 दावा-आपत्तियों का समय सीमा (30 नवंबर 2024) के भीतर निराकरण कर दिया गया है। इसके अलावा, मतदाता सूची में छेड़छाड़ के आरोप को लेकर प्राप्त शिकायत की भी जांच कराई गई, जिसमें शिकायत को गलत पाया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार, उपसंचालक पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत बैकुंठपुर और तहसीलदार पटना ने मौके पर पहुंचकर शिकायत की जांच की। जांच में यह पाया गया कि शिकायत निराधार थी। ग्राम पंचायत सचिव ने पूर्व की गड़बड़ियों को सुधारते हुए मतदाता सूची को अद्यतन कर दिया है। इस संबंध में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायतों का वार्ड परिसीमन कार्य नहीं किया गया है। सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ पूरी की गई हैं। यह प्रशासन की तत्परता और पारदर्शी कार्य प्रणाली को दर्शाता है।

## छात्राओं से अश्लील हरकत, शिक्षक व प्रधानपाठिका पर प्राथमिकी

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के एक गांव स्थित सरकारी माडल स्कूल में गुरु-शिष्य परंपरा को कलंकित करने का मामला प्रकाश में आया है। माडल स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्राओं से अश्लील हरकत की घटना ने शिक्षा विभाग को शर्मसार कर दिया है। छात्राओं से अश्लील हरकत करने की शिकायत प्रशासनिक टीम की जांच में सही साबित होने पर स्कूल के आरोपित शिक्षक व घटना पर पर्दा डालने वाली प्रभारी प्रधानपठिका के विरुद्ध बीईओ की रिपोर्ट पर भटगांव पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है। इधर आरोपित शिक्षक व प्रभारी प्रधानपठिका को निलंबित भी कर दिया गया है। पूरा घटनाक्रम एक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का है। इस विद्यालय में 137 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। वही यहां छह शिक्षक पदस्थ है। इनमे दो पुरुष व चार महिलाएं हैं। उक्त विद्यालय की डेढ़ दर्जन से अधिक नाबालिग छात्राओं ने शिक्षक सुमन कुमार रवि के खिलाफ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित छात्राओं का कहना है कि आरोपित शिक्षक द्वारा लंबे समय पढ़ाई के बहाने उनके साथ अश्लील हरकत की जा रही थी। वे लोकलाज के भय से किसी को कुछ नही बता पा रही थी। लगातार मानसिक प्रताड़ना का शिकार होने पर उन्होंने शिकायत की। नाबालिग छात्राओं के साथ आपत्तिजनक हरकत की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रतापपुर एसडीएम ललिता भगत की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की। जांच कमेटी में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू लाल ध्रुवे भी शामिल रहे। मंगलवार को जांच कमेटी ने उक्त गांव पहुंच कर पीड़ित छात्राओं से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। जांच में आरोपित शिक्षक सुमन कुमार रवि पर लगाए गए आरोप सही पाए गए। जांच कमेटी ने पाया कि घटना की जानकारी होने के बावजूद विद्यालय की प्रभारी प्रधानपाठिका मेरी अनीता बेक ने तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का निर्देश दिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू लाल ध्रुवे की रिपोर्ट पर भटगांव पुलिस ने गणित विषय के आरोपित शिक्षक सुमन कुमार रवि निवासी जरही भटगांव तथा नवापारा अंबिकापुर निवासी प्रधानपाठिका मेरी अनीता बेक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75, 79 एवं पास्को एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

## 14 घंटे से महुआ के पेड़ पर चढ़कर बैठा भालू



**उदयपुर।** सरगुजा जिले के ब्लाक मुख्यालय उदयपुर से लगे ग्राम पंचायत सोनतराई के पंचायत भवन के सामने महुआ पेड़ पर 14 घंटे से भालू जमा हुआ है। रविवार सुबह से वन कर्मचारी उसे सुरक्षित तरीके से नीचे उतारने के प्रयास में लगे रहे लेकिन सफलता नहीं मिली। तीन -चार बार भालू ऊंची डंगाल से नीचे की ओर आया भी लेकिन उतरा नहीं बल्कि फिर ऊंचे डंगाल पर जाकर बैठ गया।इस दौरान भालू देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आसपास जमे रहे। वन अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ पुलिस कर्मचारी भी रेस्क्यू में लगे रहे। रविवार की भोर में ग्राम डूमरडीह की ओर से दो भालू भागते हुए सोनतराई गांव की ओर बढ़ रहे थे। उसी दौरान धूप निकल रहा था। तभी उदयपुर के ग्राम सोनतराई स्थित शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय के पास अचानक सामने से आ रहे लोगों को देखकर एक भालू महुआ के पेड़ पर चढ़ गया। दूसरा भालू तेजी से भाग गया। भालू महुआ पेड़ पर लगभग 30 फीट ऊंची डंगाल पर जाकर बैठ गया। जैसे ही लोगों को भालू के पेड़ पर चढ़ने की जानकारी मिली वैसे ही भीड़ बढ़ने लगी। रेंजर कमलेश राय,थाना प्रभारी निरीक्षक कुमारी चंद्राकर के साथ वन व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी रेस्क्यू में जुटे रहे। लोगों को दूर रहने की लगातार समझाइश दी जाती रही। देखने वालों की भीड़ बढ़ने के कारण भालू और ऊपर चढ़ते गया। रात आठ बजे तक भालू पेड़ पर ही बैठा हुआ था।एसडीओ फारेस्ट बृजेंद सिंह ठाकुर, रेंजर कमलेश राय के साथ अशोक प्रताप सिंह, शशिकांत सिंह, गिरीश बहादुर सिंह के साथ वन कर्मचारी रात तक महुआ पेड़ के आसपास ही जमे हुए थे।उदयपुर क्षेत्र में भालुओं का स्वच्छंद विचरण होता है।

## चक्रवाती तूफान से बदली राजधानी का मौसम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर से मौसम में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य में आज दिनभर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके कारण तापमान में गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के कारण वातावरण में ठंडक बढ़ेगी,लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, बारिश का असर खासतौर पर सुबह और शाम के वक्त देखने को मिल सकता है।

## हत्यारोपित के स्वजन द्वारा मंदिर के पास बिरयानी दुकान खोलने पर विवाद

**प्रतापपुर।** नगर में बीते 29 जनवरी को होटल व्यवसायी अशोक कश्यप के दस वर्षीय पुत्र रिशु कश्यप हत्याकांड में शामिल एक आरोपित के चाचा ने मंदिर के सामने बिरयानी दुकान खोलने का प्रयास पर विवाद खड़ा हो गया।रविवार को कुछ लोगों को जानकारी मिली की रिशु हत्याकांड में शामिल आरोपित विशाल ताम्रकार का चाचा छोटू ताम्रकार अपने घर से लगी दुकान में बिरयानी बेचने की तैयारी कर रहा है।

जानकारी मिलने पर लोग उसके घर पहुंचे और उसके घर के सामने स्थित हनुमान मंदिर का हवाला देते हुए उसे बिरयानी दुकान के स्थान पर और और किसी सामग्री की दुकान लगाने समझाइश दी। आरोप है कि छोटू ताम्रकार ने समझाइश से नाराज होकर लोगों को अपमानजनक शब्द कहे। इसके बाद लोग भड़क गए और देखते ही देखते वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने छोटू ताम्रकार को अपनी गिरफ्त में लेते हुए उसकी ताबड़तोड़ तरीके से पिटाई कर दी। इसी बीच सूचना पर पहुंची प्रतापपुर पुलिस ने छोटू को भीड़ के कब्जे से छुड़ा उसके घर के अंदर बंद कर दिया। इस बीच भीड़ हंगामा मचाती रही। कुछ देर बाद पुलिस सुरक्षा के लिहाज से छोटू व उसके स्वजनों को घर से निकाल वाहन के जरिए थाने ले गई। इसके बाद भी घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। कुछ देर बाद एसडीएम ललिता भगत भी राजस्व निरीक्षक मनोज भगत के साथ मौके पर पहुंची। एसडीएम ने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए छोटू की दुकान को सील कर दिया है। छोटू ताम्रकार व उसके स्वजनों को पुलिस द्वारा थाने ले जाने के कुछ देर बाद लोगों की भीड़ छोटू के ऊपर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंच गई। इसी बीच अंबिकापुर का रहने वाला छोटू ताम्रकार का रिश्तेदार अंबिकापुर से कुछ लोगों को लेकर प्रतापपुर थाने पहुंचा और भीड़ के साथ विवाद करने लगा। विवाद होता देख एसडीओपी अरुण नेताम व थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को शांत किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की शिकायत पर सुरेन्द्र उर्फ़ छोटू ताम्रकार पिता महादेव निवासी प्रतापपुर व उसके अंबिकापुर निवासी रिश्तेदार संदीप ताम्रकार पिता कार्तिक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 29 जनवरी को होटल व्यवसायी अशोक कश्यप के पुत्र का उसके पड़ोस में ही रहने वाले आरोपित शुभम सोनी उर्फ़ गोलू (26) व विशाल ताम्रकार (28) ने फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दी थी। हत्या की जानकारी मिलते ही पूरा प्रतापपुर सुलग उठा था। आरोपितों को फांसी देने की मांग के साथ साथ राजस्व भूमि पर कब्जा कर बनाए गए आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग भी की जा रही थी।

## नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर ली हैं. आज भाजपा की मैराथन बैठक का दूसरा दिन है. इसके साथ ही भाजपा चुनावों के लिए जल्द ही जिला पर्यवेक्षकों की घोषणा कर सकती है. रायपुर में भारतीय जनता पार्टी की मैराथन बैठक का दूसरा दिन जारी है. बैठक में रायपुर और दुर्ग संभाग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. इस दौरान नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी. बैठक में प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में रणनीति तय की जाएगी.भाजपा संगठन जल्द ही जिला पर्यवेक्षकों की घोषणा करेगा. संगठन चुनाव के लिए इन पर्यवेक्षकों को जिलों का प्रभार सौंपा गया है, और वे चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक अपने प्रभार वाले जिलों में रहेंगे. 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष और 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष का चयन पूरा होने की संभावना है।

## लोनिवि में थोक में हुए तबादले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं. लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत एक्सीक्यूटिव इंजीनियर्स और एसडीओ को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. आदेश लोक निर्माण विभाग के अवर सचिव केएम अग्रवाल ने जारी किया है. ट्रांसफर सूची में प्रदेश के 62 अफसरों का नाम शामिल है। सरकार ने शनिवार को प्रदेश के 62 कार्यपालन अभियंताओं और अनुविभागीय अधिकारियों का ट्रांसफर किया है. इसमें राजधानी रायपुर से लेकर दंतेवाड़ा,बस्तर तक के अफसर शामिल हैं. इस फैसले से न केवल निर्माण कार्यों में तेजी आने की संभावना है, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद और जुड़ाव को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। तबादला सूची में बलौदा बाजार सहित राज्य के तमाम जिलों के अफसरों का नाम शामिल हैं. इन तबादलों के बाद राज्य में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद की जा रही है। सरकार ने लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित अफसरों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया है।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन, 16 दिवसीय अभियान शुरू




**कोरिया बैकुंठपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज कोरिया जिले में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में इस रैली की शुरुआत जिला अस्पताल से हुई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी एवं डॉक्टर कार्तिकेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

यह रैली जिला अस्पताल से शुरू होकर फव्वारा चौक, घड़ी चौक, एसबीआई बैंक रोड, एसईसीएल चौक कॉलोनी होते हुए बस स्टैंड मार्ग से वापस जिला अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुई। इसका उद्देश्य आमजन को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना और इस गंभीर बीमारी के रोकथाम हेतु प्रयास तेज करना है। यह अभियान 1 दिसंबर से 16 दिसंबर 2024 तक चलेगा। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छात्रों के बीच विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैकुंठपुर के बस स्टैंड में विशेष शिविर लगाया गया, जहां लोगों को एड्स की रोकथाम और प्रबंधन के लिए जानकारी और परामर्श प्रदान किया गया। एचआईवी और एड्स के बीच अंतर यह है कि एचआईवी एक वायरस है जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। एड्स एक ऐसी स्थिति है जो एचआईवी संक्रमण के परिणामस्वरूप हो सकती है जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो जाती है।अगर आप एचआईवी से संक्रमित नहीं हैं तो आपको एड्स नहीं हो सकता। वायरस के प्रभाव को धीमा करने वाले उपचार की बदौलत, एचआईवी से पीड़ित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता। लेकिन उपचार के बिना, एचआईवी से पीड़ित लगभग सभी लोग एड्स की चपेट में आ जाएंगे। एचआईवी आपके प्रतिरक्षा तंत्र की सफ़ेद रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करता है जिन्हें सीडी4 कोशिकाएँ या सहायक टी कोशिकाएँ कहते हैं। यह सीडी4 कोशिकाओं को नष्ट कर देता है, जिससे आपकी सफ़ेद रक्त कोशिका की संख्या कम हो जाती है। इससे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली ऐसी हो जाती है जो संक्रमणों से नहीं लड़ सकती, यहाँ तक कि उन संक्रमणों से भी जो आम तौर पर आपको बीमार नहीं करते। एचआईवी शुरू में आपको फ्लू जैसे लक्षणों के साथ बीमार महसूस कराता है। फिर यह आपके शरीर में लंबे समय तक छिपा रह सकता है, बिना किसी खास लक्षण के।

उस दौरान, यह धीरे-धीरे आपकी टी-कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। जब आपकी टी-कोशिकाएँ बहुत कम हो जाती हैं या आपको कुछ ऐसी बीमारियाँ होने लगती हैं जो स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को नहीं होती हैं, तो एचआईवी एड्स में बदल चुका होता है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि इस अभियान में जुड़कर समाज को एड्स मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। एड्स के खिलाफ जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर अभय जुगल तिर्की (एपिडिमियोलॉजिस्ट), शिशिर जायसवाल (एनटीईपी), सरोजिनी राय (डिप्टी एमआईओ), एड्स काउंसलर देवी प्रसाद सोनी, लक्ष्मीनिया काउंसलर चैताली, टीआई एंजियो आनंद कुमार और तारा मरावी ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही रजवाड़े नर्सिंग इंस्टीट्यूट और न्यू लाइफ नर्सिंग इंस्टीट्यूट के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## इंदिरा स्टेडियम में 4 से क्षमता दिखाएंगे भावी वनरक्षक

**कोरबा।** वन विभाग वन रक्षकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसंबर से प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में होने जा रही है। इसकी सभी तैयारियां में वन विभाग की ओर से पूरी कर ली गई है। बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी इस परीक्षा के लिए लगाई गई है जो पारदर्शिता के साथ इसे संपन्न कराएंगे। भर्ती परीक्षा 4 दिसंबर से शुरू होगी और 18 दिसंबर तक चलेगी। खबरों के अनुसार कोरबा जिले के वनमंडल कोरबा, कटघोरा एवं पड़ोसी जीपीएम जिले के मरवाही वनमंडल में 120 वनरक्षकों की भर्ती होनी है। इसके लिए कोरबा जिले को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है और इसके लिए प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम का स्थल चयन किया गया है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए मौका मिलेगा। लिखित परीक्षा व्यापमं आयोजित करेगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कोरबा जिले के अलावा अन्य जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन दिए हैं जिन्हें प्रवेश पत्र जारी कर बुलाया गया है।

## कार्यशाला में शामिल होंगी सरोज

**कोरबा।** आज भाजपा के द्वारा आयोजित कार्यशाला में पूर्व राज्य सभा सदस्य सरोज पाण्डेय भी शामिल होगाी। मंडल अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पद के लिए संगठन चुनाव होगें। अब तक बूथों में चुनाव करा लिए है। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके बाद जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इस बैठक में मंडल के चुनाव अधिकारी व मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानी , मनीष मिश्रा , सूर्यप्रकाश शर्मा, धन्नू दूबे, अभिषेक दूबे, चुलेश्वर राठौर, परिविंदर सिंह, योगेश मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होगें।

## चिकित्सालय की समस्याओं पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर प्रबंधन और जेसीसी के मध्य चर्चा हुई जिसमें कहा गया कि मरीजों को मिलने वाले दवाईयों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। इसके अलावा बाहर जांच के लिए लिखे जाते है। उसके पैसे भी ज्याद लिए जा रहे है। जेसीसी सदस्य रेशम लाल यादव ,दीपक उपाध्याय,गोपाल यादव, प्रीतम राठौर सहित अन्य सदस्यों ने कॉलोनी में उड़ रहे धूल के मामले को भी जोरशोर से उठाया और कहा कि पानी छिड़काव जो की जा रही है। वह पर्याप्त नही है इसके लिए और प्रयास किए जाने की जरूरत है।

***कोरबा।** एसईसीएल के भूविस्थापित विरोधी नीतियों के खिलाफ कल कुसमुंडा खदान में महाबंद हड़ताल आयोजित किया गया है।

# एसडीएम के आश्वासन पर भी सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## लखनपुर में विरोध कर रहे लोगों ने बताया किस तरह से हो रही परेशानी



**कोरबा।** कई कारणों से बदहाल हुई सड़क पर चलने में हो रही मुश्किलों से नाराज लोगों को जब कोई रास्ता नहीं सूझा तो आखिरकार उन्हें चक्काजाम के लिए मजबूर होना पड़ा। एनएच-130 पर जेंजरा-ढेलवाडीह बायपास में लखनपुर में लोगों ने आज चक्काजाम किया। इससे आवाजाही में परेशानियां आई। खबर होने पर पुलिस यहां पहुंची। लोगों को समझाने की कोशिश जारी है।

जिले के कटघोरा सब डिवीजन के अंतर्गत लखनपुर के ग्रामीणों ने अपनी समस्या को हल कराने के लिए आखिरकार यह तरीका निकाला। काफी संख्या में यहां के स्त्री-पुरुष और युवक बायपास पर बैठे। वे अपने साथ बैनर पोस्टर भी रखे थे जिसमें कहा गया कि यहां की मुख्य सड़क पर गड्ढे हैं। अरसे से इस प्रकार के हालात हैं। इस स्थिति में आवाजाही करने को लेकर दुष्वारियां पेश आ रही है। कई बार घटनाएं हो चुकी है। रात्रिकालीन आवाजाही को लेकर सोचना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि उन्होंने यहां की बदहाली को लेकर सरकार के मंत्रियों के साथ-साथ उच्चाधिकारियों और प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाई। सबने अलग-अलग प्रकार की बातें की। पिछले दिनों इस मसले पर स्थानीय एसडीएम की ओर से आश्वासन मिला था कि रोड से जुड़ी हुई समस्या को दूर किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग को सड़क पर गड्ढों की मौजूदगी को दूर करने के लिए कहा गया था। आश्वस्त किया गया था कि समयसीमा में यह काम हो जाएगा। ग्रामीण इस बात से खफा हैं कि प्रशासनिक अधिकारी की बात का कोई असर नहीं हुआ और लोक निर्माण विभाग ने कोई काम नहीं किया। समय पार होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार को बायपास पर चक्काजाम करने के साथ नारेबाजी की। इस दौरान बायपास के दोनों तरफ आवाजाही थम गई और काफी संख्या में वाहन रूक गए। कटघोरा टीआई धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि सड़क से जुड़ी हुई समस्या को लेकर लोगों ने सांकेतिक चक्काजाम किया है जिससे मुश्किलें हुई हैं। समाधान खोजने की कोशिश करने के साथ लोगों को समझाने का जतन किया जा रहा है।

### वादाखिलाफी ने भड़काया गांव वालों को

लखनपुर के लोग इस बात को लेकर भी भड़के हुए हैं कि आखिर इस इलाके के साथ अफसर वादाखिलाफी क्यों कर रहे हैं। लोगों के पास अनेक मसले हैं जिसे लेकर उनका अनुभव अच्छा नहीं है। उनका कहना है कि एक तरफ ग्रामीण हितों के संरक्षण को लेकर सरकार बात करती है लेकिन सिस्टम में बैठे लोग कुछ अलग चाल चलते हैं। इस चक्कर में हमारी समस्याएं बढ़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि जब उपर के लोग प्राथमिकताएं तय करते हैं तो उन्हें इस बात की चिंता करनी चाहिए कि जमीन पर क्रियान्वयन को लेकर किस स्तर पर काम किया जा रहा है।

## हाथियों को लेकर वन अमला हुआ मुस्तैद, बढ़ाई गई निगरानी



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में मौजूद हाथियों को लेकर वन अमला काफी मुस्तैदी से काम कर रहा है। शाम होते ही हाथियों की मौजूदगी वाले इलाके में पहुंचकर लगातार ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है तथा मुनादी कराने के साथ ही उन्हें जंगल न जाने की सलाह भी दी जा रही है। खबरों के अनुसार 50 की संख्या में हाथी रेंज के पीडिया, सुईआरा व कोटमेर में घूम रहे हैं और लगातार खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों ने यहां पिछले एक सप्ताह से डेरा डाल दिया है। अब तक हाथियों द्वारा पीडिया, सुईआरा तथा कोटमेर में आधा सैकड़ा ग्रामीणों की फसल रौंद दी है जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उन्हें इस बात का भी डर है कि कहीं हाथियों का दल बस्ती में प्रवेश कर संपत्ति के साथ जन हानि न पहुंचा दे। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है बावजूद इसके हाथी खेतों में पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहे हैं जो चिंता का विषय है। वन विभाग के मुताबिक हाथियों को अन्यत्र खदेड़ने की कोशिश की जा रही है लेकिन हाथियों का दल खदेड़े जाने के बाद कुछ दूर आगे जाकर फिर वापस लौट जा रहा है। इस बीच 12 हाथियों का दल कुदमुरा रेंज के कलमीटिकरा में लगातार घूम रहे हैं। हाथियों के इस दल ने भी बीती रात खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया है। हाथियों द्वारा मेहनतों पर पानी फेरे जाने से ग्रामीण हलाकान हैं।

## कांग्रेस की ब्लाक स्तरीय बैठक शुरू

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कोरबा आकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली थी। इसके बाद अब ब्लाक स्तरीय बैठक शुरू हो गई है। दीपका ब्लाक में आज पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर कटघोरा विधानसभा प्रभारी हरीश परसाई बैठक लेंगे।

.बैठक की तैयारी दिलीप सिंह , तनवीर अहमद, गोपाल यादव, विकास शुक्ला, केदरनाथ सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी की जा रही है। दीपका नपा में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता आरक्षण का इंतजार कर रहे है। विशाल शुक्ला ने तैयारी भी शुरू कर दी है। इधर कोरबा शहर में कांग्रेस नेता श्याम नारायण सोनी भी अदंर ही अंदर तैयारी कर रहे है। वार्डो में पार्षद पद के दावेदार आरक्षण का इंतजार करते हुए तैयारी में लगे हुए है। नगर पालिका बांकी मोगरा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। इस क्षेत्र के टकीराम मनहरण, प्रदीप अग्रवाल, नवल किशोर पंडित संजय आजाद, परामंनद सिंह, अजय प्रसाद चुनाव की तैयारी कर रहे है। वार्डो में भी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहमान खान , फिरोज अनंत सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है।

## बसपा के कार्यकर्ता हुए सक्रिय

**कोरबा।** बसपा के जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय बैठक शुरू हो गई है। यह बैठक नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए लिया जा रहा है। कोरबा विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे ,सचिव, राजकुमारी नारंगे, बाबूलाल टंडन सहित अन्य सदस्य कार्यकर्ताओं से विचार विर्मश कर रहे है। पिछले दिनों पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध भी कोरबा आए थे। इस बार नगरीय निकाय चुनाव में बसपा अधिक सीटों पर जीत सकती है।

## श्रीराम के दर्शन के लिए रवाना हुए 40 श्रद्धालु



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की तीर्थ दर्शन योजना जारी है। यात्रा के चरण के अंतर्गत कोरबा जिले से चयनित किए गए 40 श्रद्धालुओं को आज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। उन्हें भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

नगर निगम कार्यालय साकेत भवन परिसर से श्रद्धालुओं का समूह बस से बिलासपुर भिजवाया गया जहां से उनकी अगली यात्रा अयोध्या के लिए शुरू होगी। श्रद्धालुओं की देखने के लिए नोडल ऑफीसर्स भी नियुक्त किए गए हैं जो इस यात्रा में उनके साथ होंगे। सरकार ने लॉटरी सिस्टम से आवेदन करने वाले लोगों को चयनित किया है यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बताई गई है। जिले से चयनित किए गए श्रद्धालु शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित है जो सभी स्टैंडर्ड को फॉलो करने के साथ इस प्रक्रिया में शामिल हुए। श्रद्धालुओं को कोरबा से रवाना किए जाने के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद, पार्षद और कैबिनेट मंत्री के भाई नरेंद्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, आयुक्त आशुतोष पांडेय, पार्षद पालूराम साहू, मंजू सिंह, निगम सचिव पवन वर्मा उपस्थित थे।

## शारीरिक अक्षम लोगों को कृत्रिम अंग की सुविधा मिलेगी नि:शुल्क

### 4 दिसंबर तक कराना होगा पंजीयन

**कोरबा।** सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे संगठन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने अपने सरोकारों का प्रदर्शन करते हुए ऐसे लोगों की सुध ली है जो किसी न किसी कारण से शारीरिक विकृति या कमी के शिकार हैं। उन्हें कृत्रिम अंग देने के लिए कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 दिन का शिविर लगाया जा रहा है। संबंधितों को यहां निशुल्क कृत्रिम अंग दिए जाएंगे। ऐसे लोगों को लाभ लेने के लिए 4 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से अपने आधार कार्ड के साथ पंजीयन कराना होगा।

संगठन के अखिल भारतीय सहायक मंत्री पीयूष अग्रवाल ने बताया कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से यह शिवीर मारवाड़ी युवा मंच की शाखा कटघोरा, जमींपाली और नवचेतना शाखा कटघोरा के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। हरिद्वार लाल और प्रभावती देवी गर्ग की स्मृति में शिविर को समर्पित किया गया है। निशुल्क कृत्रिम अंग और प्रत्यारोपण शिविर 5, 6 और 7 दिसंबर को आयोजित हो रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। सभी क्षेत्र के लोग इस शिविर का लाभ लेने की पात्रता रखेंगे। बताया गया कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर्स, वैशाखी और कान से संबंधित मशीन दी जाएगी। पंजीयन के अगले दिवस यानी 5 दिसंबर को इस मामले में संबंधित लोगों को दी जाने वाली सुविधा के लिए नाप जोक का काम होगा। और अगले दो दिवस में प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

पीयूष अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटना अथवा अन्य कारण से जिन मामलों में लोगों के सामने समस्याएं हैं और वे अपनी कार्य क्षमता का बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, उनके हित में हमने इस प्रकार की कोशिश करना तय किया है। मानवता के प्रति हमने अपनी प्राथमिकता सुनिश्चित किए हैं और लगातार इस प्रकार के कार्य विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे हैं। आयोजन को लेकर अक्षत अग्रवाल, संजय मित्तल, पारस अग्रवाल, अमन गोयल और अरुण केडिया व उनके सहयोगी तैयारी में लगे हुए है। आयोजकों को कुछ और संगठनों से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## हरिहरपुर में समापन होगा यात्रा का

**कोरबा।** हसदेव अरण्य के संरक्षण को लेकर जारी जन जागरण पर यात्रा हरिहरपुर पहुंचने से पहले मार्ग पर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। 7 दिसंबर तक यात्रा को विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरना है। यात्रा के संयोजक ने बताया कि खनन के लिए प्राकृतिक संपदा से खिलवाड़ करने के लिए जो कोशिश की जा रही है उसका विरोध हम लोग कर रहे हैं। यात्रा के अंतर्गत सरकार से जुड़े अधिकारियों को उन तथ्यों की जानकारी देने की कोशिश की जा रही है जो आगामी दिनों में जंगलों का विनाश होने पर संभावित खतरे को पैदा कर सकते हैं। बताया गया कि हसदेव अरण्य के अंतर्गत आने वाले हरिहरपुर में अंतिम दिवस बड़ी सभा करने के साथ सरकार को अलर्ट किया जाएगा। कहा गया कि जो चीजें वर्तमान में मौजूद हैं, उनके अनावश्यक दोहन से भविष्य में समस्याओं को बढ़ना लाजिमी है।

## 12 साल से जिले में जमे सहकारिता निरीक्षक को हटाए सरकार

### मंडल अध्यक्ष ने सीएम से की मांग

**कोरबा।** जिले में लंबे समय से पदस्थ कई अधिकारी अलग-अलग कारण से राजनीतिक दलों के निशाने पर हैं। कई का स्थानांतरण शिकायत और प्रशासनिक आधार पर किया जा चुका है। अब सहकारिता निरीक्षक लक्ष्मी नारायण जायसवाल को जिले से बाहर भेजने और उनके कार्यकाल की जांच की मांग उठी है। उरगा मंडल भाजपा अध्यक्ष कुल सिंह कंवर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस विषय पर पत्र भेजा है।

इस पत्र की कापी प्रभारी मंत्री अरूण साव, सहकारिता मामलों के मंत्री केदार कश्यप, सरकार के सचिव, कलेक्टर, संयुक्त पंजीयक बिलासपुर और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा को जारी की गई है तथा विषय के बारे में अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा है कि आश्चर्यजनक रूप से सहकारिता निरीक्षक जायसवाल 12 वर्षों से कोरबा में पदस्थ हैं। सरकार के द्वारा जो स्थानांतरण नीति बनाई गई है और उस पर क्रियान्वयन हो रहा है, उसके हिसाब से भी निरीक्षक स्तर के अधिकारी को दीर्घकाल तक एक ही जिले में आखिर कैसे रखा गया है। इस पर संज्ञान लेने की जरूरत है। कहा गया है कि उक्त निरीक्षक आदिवासी सेवा सहकारी समिति करतला, नवापारा, रामपुर, चिकनीपाली, तुमान, सोहागपुर एवं सुखरीकला समिति में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में प्रभार में है। जबकि करतला ब्लॉक में सहकारिता विस्तार अधिकारी का प्रभार उनकी तरफ है। मुख्यमंत्री की जानकारी में यह बात लाई गई है कि वे प्रभार के प्रभाव से समिति प्रबंधकों को परेशान कर महीने में अच्छी-खासी वसूली करते हैं। इनके कार्यकाल की जांच कराने पर करोड़ों की आर्थिक गड़बड़ी सामने आ सकती है। इसके साथ ही अधिकांश सोसाइटियों में गलत तरीके से राशि आहरण का मामला भी सामने आ सकता है। सरकार से उक्त निरीक्षक की कमाई की जांच का आग्रह किया गया है। कंवर ने कहा है कि सहकारिता निरीक्षक को अन्यत्र स्थानांतरित करते हुए कोरबा जिले के कार्यकाल की जांच कराई जाए।

## एचआईवी से बचाने नुक्कड़ नाटक का सहारा



**कोरबा।** 1 दिसंबर 2024 रविवार को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस मनाकर लोगों को इस लाईलाज बीमारी के प्रति जागरुक किया गया है। छुट्टी का दिन होने के कारण सोमवार को कोरबा में इस दिन विशेष को मनाया गया है। मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में इस मौके पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए। स्वास्थ्य कर्मियों ने रंगोली सजाकर एड्स के प्रति लोगों को जागरुक किया। इसके साथ ही बालको के सहयोग से एक जागरुकता रथ को रवाना किया गया,जो शहर में घूम घूमकर लोगों को इस बीमारी से जागरुक करेगा।

एड्स एक ऐसी बीमारी है,जिसका कोई ईलाज नहीं है। इस रोग से बचाव ही इसका उपचार है। 1 दिसंबर का दिन इस बीमारी को समर्पित है। रविवार को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। छुट्टी का दिन होने के कारण कोरबा में सोमवार को इस दिन को मनाया गया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने एचआईवी के विषय पर रंगोली तैयार की और लोगों को बचाव के तरीके बताए। वहीं इस मौके पर बालको के सहयोग से एक जागरुकता रथ को अस्पताल से रवाना किया गया,जो शहर में घूम घूमकर लोगों को जागरुक करेगा ।एड्स को लेकर समय समय पर जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को इस लाईलाज बीमारी से सतर्क रहने की अपील की जाती है,बावजूद इसके तेजी से यह बीमारी लोगों को जगड़ रही है। जागरुकता का अभाव या फिर जानबूझकर लोग लापरवाही बरतते है,जिससे लोग इसकी चपेट में आ रहे है। बहरहाल इस बीमारी से बचने के लिए हमे ही सुरक्षा के उपाय अपनाने होंगे ताकी हम,हमारा परिवार और समाज सुरक्षित रह सके।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com